


Subscribe Amar Bhaskar News @amarbhashkarnews Amar bhashkar

हिन्दी दैनिक

# अमर भास्कर

ज़िद सच की

बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा, बस्ती, सहारनपुर मंडल, दिल्ली एनसीआर एवं उत्तराखंड में प्रसारित



रमजान मुबारक 2026 टाइम टेबिल सहरी-इफ्तार........01

Email- amarbhashkar21@gmail.com, www.amarbhashkar.in

राहुल गांधी बोले अगर नेहरू होते तो कांशीराम जी ........01

वर्ष: 03 अंक: 236 | बदायूं, शनिवार 14 मार्च 2026 | पृष्ठ- 08 | मूल्य- 4.00 रूपये


## पीएम ने असम दौरे पर कांग्रेस पर चुन-चुन कर प्रहार किए

### डबल इंजर सरकार पर जोर

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के कोकराझार की जनता से मुखातिब हुए। कुछ ही हफ्ते बाद इस राज्य में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। ऐसे में पीएम मोदी ने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का समर्थन करने की अपील करते हुए जनता के सामने बीते कुछ वर्षों मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को भी रेखांकित किया। पीएम मोदी ने अपने वर्चुअल संबोधन के दौरान सबसे पहले खराब मौसम के कारण कोकराझार न आ सकने को लेकर अफसोस जताया। उन्होंने कहा, मौसम खराब होने की वजह से मैं कोकराझार नहीं आ पा रहा हूं। मैं आप सभी का क्षमाप्रार्थी हूं। यहां गुवाहाटी से ही आपसे संवाद संभव हुआ है।




असम की जनता से सीधे जुड़ाव न होने को लेकर खेद प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं दिल्ली से निकला था आपके पास आने के लिए, लेकिन मुझे गुवाहाटी में ही उतरना पड़ा और अब मैं यहां से आपके दर्शन भी कर रहा हूं और आपसे बात भी कर रहा हूं। जहां भी मेरी नजर पहुंच रही है, मुझे लोग ही लोग नजर आ रहे हैं और इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आशीर्वाद देने आई हैं। आपका ये प्यार मुझ पर कर्ज की तरह है और मेरा हमेशा प्रयास रहा है कि इस कर्ज को मैं आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र का विकास करके चुकाऊंश

प्रधानमंत्री ने असम की जनता से कहा, आपका प्यार मुझ पर एक कर्ज की तरह है, और मेरा लक्ष्य हमेशा से आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करके इस कर्ज को चुकाना रहा है। कुछ हफ्ते पहले, मुझे गुवाहाटी में समृद्ध बोडो संस्कृति को देखने का अवसर मिला था। यह देखकर मुझे गर्व महसूस होता है कि बोडो समुदाय ने अपनी भाषा और संस्कृति को किस तरह से सहेजकर रखा है।

पीएम मोदी ने कहा, भाजपा-छक। की डबल इंजन सरकार असम की विरासत के संरक्षण और असम के तेज विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। आज यहां इस कार्यक्रम में ही इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकापर्ण हुआ है। इसमें से 1,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि बोडोलैंड की सड़कों के लिए खर्च होने जा रही है।प्रधानमंत्री ने कहा कि असम माला अभियान के तीसरे चरण से असम की रोड़ कनेक्टिविटी और अधिक सशक्त होगी।

पूर्वोत्तर में हो रहे बदलावों को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा था, बहुत कुछ खोया था। हमने वो मुश्किल समय देखा है, जब इन पहाड़ियों में बम-बंदूक की ही गूंज सुनाई देती थी। लेकिन आज ये तस्वीर बदल रही है। आज बोडोलैंड शांति और विकास की राह पर चल पड़ा है... आज असम शांति और विकास का नया अध्याय लिख रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए पीएम मोदी ने कहा, दशकों तक बोडोलैंड का ये क्षेत्र कांग्रेस के विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड की अनेक पीढ़ियों को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। दिल्ली में बैठी कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ दिखावे के लिए कागजी समझौते किए। जब आपने देश और असम दोनों जगह से कांग्रेस को खदेड़ा और भाजपा-छक। को अवसर दिया, तो हमने ईमानदारी से प्रयास शुरू किए।

## राजनाथ सिंह से मिला सिंधी समाज

## भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने की मांग

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को सिंधी समाज के लोग सांसद एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिले। समाज के लोगों ने अंगवस्त्र पहनाकर सांसद का स्वागत किया। उन्होंने भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने की मांग रखी। इस मौके पर चेट्टी चंद मेला कमेटी व सिंधु सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।



उन्होंने कहा कि 20 मार्च को देश भर में भगवान झूलेलाल जी की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। देश के सभी बीजेपी शासित राज्यों में इस दिन छुट्टी रहती है। यूपी में छुट्टी स्थगित है। यहां भी घोषित की जानी चाहिए। इसके अलावा झूलेलाल वाटिका में स्वागत द्वार के लिए जल्द ही जगह चिह्नित करके बताने की बात कही। ताकि इसका काम शुरू हो सके। इसके लिए 46 लाख रुपये का फंड जारी हो चुका है। इस दौरान सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, अनिल बजाज, चेट्टी चंद मेला कमेटी अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, सिन्धु सभा के कोषाध्यक्ष श्याम कृषनानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुनीत लाल चंदानी, घनश्याम दास सहित मौजूद अन्य लोगों ने सांसद को मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर मेला कमेटी के अशोक मोतियानी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### खुद के जाल में फंस रहे आशुतोष ब्रह्मचारी

**प्रयागराज।** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के अधिवक्ता डॉ. पीएन मिश्रा ने कहा कि शंकराचार्य और उनके शिष्य पर मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। वह सफेद झूठ का पुलिंदा न्यायालय के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। कहा कि शंकराचार्य की ओर से इनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने के लिए जल्द ही न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा। जिला न्यायालय में सुनवाई के सिलसिले में स्वामी मुकुंदानंद गिरि के साथ प्रयागराज पहुंचे डॉ. मिश्र ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आशुतोष ब्रह्मचारी ने कोर्ट में शपथ पत्र देकर शंकराचार्य और उनके शिष्य मुकंदानंद का पासपोर्ट जब्द करने की गुहार लगाई है, ताकि वह विदेश न भाग सकें।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता डॉ. मिश्र बोले- पहली बात कि शंकराचार्य और उनके शिष्य मुकुंदानंद के पास कोई पासपोर्ट नहीं है। दूसरी बात धर्मशास्त्रों में धर्माधीश या शंकराचार्य को देश की सीमा के बाहर जाने पर निषिद्ध किया गया है। वह धर्म प्रचार के लिए विदेश नहीं जा सकते हैं, क्योंकि वह समुद्र को नहीं लांघ सकते हैं। अगर जाते हैं तो पतित घोषित हो जाएंगे। 1940 में विदेश यात्रा करने पर पुरी के शंकराचार्य को पतित घोषित किया जा चुका है। भारत का अंग होने के बावजूद शंकराचार्य पाकिस्तान तक नहीं जा सकते हैं क्योंकि वहां विधर्मियों का शासन है। डॉ. मिश्रा ने दावा किया कि आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य और उनके तीन चार शिष्यों को फंसाने के लिए ट्रेन में अपने ऊपर फर्जी हमले की साजिश रची थी जो कि जांच में फर्जी पाई गई। सीएमओ की ओर से गठित मेडिकल जांच में पाया गया है कि नाक में खरोंच जैसा निशान है। जख्म इतना मामूली है कि टांके भी नहीं लगाए जा सकते। यह किसी धारधार हथियार से हमला नहीं किया गया है। दूसरी ओर से जीआरपी के एसपी ने भी अपनी जांच में मामले को असत्य पाया।

## ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण पर राजनाथ सिंह बोले- योगी जी ने माफिया को सही किया

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर का शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे जनता को समर्पित किया। झूलेलाल पार्क में लोकार्पण समारोह हुआ। यूपी सरकार के कई मंत्री और भाजपा पदाधिकारी भी इसमें शामिल हैं। यह ग्रीन कॉरिडोर कुल 57 किलोमीटर लंबा है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, योगी जी को लोग बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया। बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं। नए विकास की जमीन भी तैयार करता है। कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी।



यह नया अध्याय होगा। डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है।

ब्रह्मोस, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी लखनऊ में होगा। ब्रह्मोस से हमने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। अगर उन्होंने दोबारा कभी ऐसा करने का सोचा तो वह इससे कभी उबर नहीं पाएंगे। ब्रह्मोस की टेस्टिंग, इंटीग्रेशन फैसिलिटी का काम अब लखनऊ में होगा। लखनऊ देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने का काम हो रहा है। इस महीने के अंत या अप्रैल महीने की शुरुआत में ही लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे शुरू हो जाएगा। इसके बाद दोनों शहरों के बीच की दूरी मात्र 35 से 40 मिनट के बीच तय हो सकेगी। सीएम विकास के साथ ही स्वच्छता पर भी ध्यान दे रहे। घर घर से कूड़ा उठाया जा रहा। पहले लोग गोमती में कूड़ा फेंक देते थे। लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले साल लखनऊ को स्वच्छता में तीसरी रैंक मिल चुकी है, इसके लिए सभी को बधाई।

सीएम योगी ने कहा, प्रशासन की जिस जमीन पर आक्रमण किया गया था, उसी जमीन से कब्जा हटाकर उसी पैसे का प्रोजेक्ट बनाया गया। इसमें शासन ने प्राधिकरण को पैसा नहीं दिया है। लखनऊ एआई सिटी के रूप में विकसित होगा। सरकार ने इसके लिए भी धन की व्यवस्था कर ली है। दुश्मन को ठिकाने लगाने वाले ब्रह्मोस के इंजीनियर ज्यादातर पॉलीटेक्निक और सरकारी कालेजों से हैं। लखनऊ इमर्जिंग टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित हो रहा है।

## केन्द्र सरकार का दावा-देश में तेल और गैस का संकट नहीं

### राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश

**दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफकहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।




पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की।

संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के एलपीजी उपलब्ध कराई जा रही है और अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 5 मार्च की तुलना में रिफाइनरियों में एलपीजी का घरेलू उत्पादन लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों को राज्य सरकारों को उपलब्ध कराया गया है ताकि जरूरत के अनुसार प्राथमिकता तय कर उनका वितरण किया जा सके। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस और कंप्रेस्ड नेचुरल गैस की आपूर्ति भी बिना किसी कटौती के जारी है। उन्होंने वाणिज्यिक उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी जानकारी के लिए वे अपने स्थानीय सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क या अधिकृत डीलरों से संपर्क करें।

उन्होंने बताया कि राज्यों से यह भी कहा गया है कि वे जिलों में ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां केंद्र सरकार द्वारा मंजूर अतिरिक्त 48 हजार किलोलीटर केरोसिन का वितरण किया जा सके। इसके अलावा वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोल इंडिया को छोटे और मध्यम उपभोक्ताओं के लिए कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सुजाता शर्मा ने अंत में देशवासियों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर विश्वास न करें और घबराकर गैस सिलेंडर या ईंधन की बुकिंग न करें।

## अखिलेश यादव बोले-अफवाहजीवी है भाजपा, गैस की कमी स्वीकार कर लें



**लखनऊ।** यूपी में रसोई गैस की किल्लत को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अफवाहजीवी है। भाजपा की सरकार खुद अफवाह फैला रही है कि गैस की कहीं कोई कमी नहीं है जबकि हर जिले में कमी को देखा जा रहा है। अगर सरकार गैस की कमी को स्वीकार कर ले तो जनता खुद सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि गैस लापता हो गई है। लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, गोरखपुर, वाराणसी और आगरा सहित अलग-अलग जिलों में गैस के लिए लगी लाइनें सोशल मीडिया पर नजर आ रही हैं। ऑनलाइन बुकिंग हो नहीं पा रही है। बुकिंग करने पर एरर दिखा रहा है। साफ्टवेयर से कौन खिलवाड़ कर रहा है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसे कोई कैसे छिपा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग गांव में रहते हैं वो चूल्हे पर खाना बना सकते हैं पर जो लोग अपार्टमेंट में रह रहे हैं वो क्या करेंगे। ये संकट सरकार ने पैदा किया है।

## अगर नेहरू जी होते तो कांशीराम जी कांग्रेस के सीएम होते

**दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे। जहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कांशीराम जयंती के अवसर पर आयोजित सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांशीराम जी समाज में बराबरी की बात करते थे। कांग्रेस अपना काम पूरी तरह से नहीं कर सकी। यही कारण है कि कांशीराम जी सफल हुए। अगर कांग्रेस ठीक तरह से काम करती तो कांशीराम जी कभी सफल न होते। उन्होंने कहा कि अगर जवाहर लाल नेहरू जी जिंदा होते तो कांशीराम जी कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते और अब भाजपा ने सरकार के 85 प्रतिशत हिस्से की अनदेखी की है। राहुल गांधी ने कहा कि ब्यूरोक्रेसी में देख लीजिए,



कार्पोरेट इंडिया में देख लीजिए, बड़ी-बड़ी कंपनियों के टॉप मैनेजमेंट की सूची निकालकर देख लीजिए आपको दलित, पिछड़ा और आदिवासी कहीं नहीं मिलेगा। किसी प्राइवेट अस्पताल में जाकर देख लीजिए। डॉक्टरों के नाम पढ़िए आपको एक दलित, पिछड़ा और आदिवासी नहीं मिलेगा। वहीं, मनरेगा मजदूरों की सूची निकाल लीजिए वहां पर 85 प्रतिशत दलित और पिछड़ा मिलेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार में दलित, आदिवासी और ओबीसी के लिए मौके कम किए जा रहे हैं। इंटरव्यू से बच्चों को निकाला जा रहा है। उन्हें पब्लिक सेक्टर में मौका नहीं मिल पाता है। हम सभी की बराबरी चाहते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान में हमारे देश के हजारों साल की विचारधारा है। इसमें सावरकर की विचारधारा नहीं है। गोडसे की विचारधारा नहीं है। इसलिए वो लोग इसे नहीं मानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ भी कह लें लेकिन वो संविधान की विचारधारा को नहीं मानते हैं। गांधी जी, आंबेडकर जी और कांशीराम जी ने बहुत मुश्किलें झेली पर वो कभी कंप्रोमाइज्ड नहीं हुए जबकि मोदी जी तो कंप्रोमाइज्ड हैं। हमने उन्हें पकड़ लिया है। हमने नरेंद्र मोदी को साइकोलॉजिकली खत्म कर दिया है। वो अमेरिका के दबाव में हैं। वो अब अमेरिका का काम कर रहे हैं।

## बदायूं दौरे पर आएंगे सांसद आदित्य यादव

**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव 14 मार्च 2026 को अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह जनपद के विभिन्न गांवों और कस्बों का भ्रमण कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे तथा उनकी समस्याएं सुनेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सायं 6:00 बजे सांसद आदित्य यादव हजरत सुल्तानुल आरफीन (बड़े सरकार) के उर्स मुबारक के अवसर पर आयोजित रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और दरगाह पर चादरपोशी कर देश-प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ करेंगे। इसके बाद 15 मार्च 2026 को प्रातः 9 बजे से सांसद अपने निज निवास डी.एम. रोड, सिविल लाइन, बदायूँ पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से भेंट करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। उसी दिन प्रातः 11 बजे वह बदायूँ के प्रेक्षागृह शामिल होंगे।

## आगामी चुनाव से पहले सीएम ममता बनर्जी का मास्टर स्ट्रोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम ममता बनर्जी ने एक नया राजनीतिक और सामाजिक मास्टर स्ट्रोक खेला है। उन्होंने शुक्रवार को घोषणा की कि उनकी सरकार मुंडा, कोरा, डोम, कुंभकार और सदगोप समुदायों के लिए नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। सीएम ममता के अनुसार यह कदम न केवल इन कमजोर और पिछड़े समुदायों के अधिकारों और परंपराओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में तरक्की को भी बढ़ावा देगा।

सीएम बनर्जी ने इसे राज्य में समान और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताया है, जो चुनावी मोर्चे पर भी उनकी पकड़ मजबूत कर सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में सीएम ममता ने लिखा कि मैं खुशी के साथ घोषणा करती हूं कि हमारी सरकार मुंडा (एसटी), कोरा (एसटी), डोम (एससी), कुंभकार (ओबीसी) और सदगोप (ओबीसी) समुदायों के लिए जल्द ही पांच नए सांस्कृतिक और विकास बोर्ड बनाएगी। अपने पोस्ट में सीएम ममता बनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि ये पांचों समुदाय राज्य की सजीव और रंगीन संस्कृति का अहम हिस्सा हैं। बोर्डों के जरिए इनके भाषा, परंपरा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़े अधिकारों की रक्षा की जाएगी। सीएम बनर्जी ने यह भी बताया कि 2013 से उनकी सरकार ने कई ऐसे बोर्ड स्थापित किए हैं, जिससे कमजोर समुदायों का संपूर्ण विकास सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पुलिस की लापरवाही से चली गई दो सरकारी अफसरों की जान

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र में एचपीसीएल के दो सरकारी अधिकारियों की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने जिले को कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई कर देती तो यह दर्दनाक वारदात बच सकती थी। सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा से विवाद के बाद आरोपी अजय ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में अधिकारियों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। इतना ही नहीं, आरोपी की धमकियों से परेशान होकर उन्होंने यहां से तबादला लेने के लिए भी आवेदन किया था। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस ने आरोपी के खिलाफकोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। इसी का नतीजा रहा कि आरोपी के हौसले बुलंद हो गए और उसने प्लांट परिसर में घुसकर दिनदहाड़े दोनों अधिकारियों को गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की गई। वहीं इस घटना के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में चिंता और आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। डीएम अवनीश कुमार राय ने कहा कि दो सरकारी कर्मचारियों की हत्या अत्यंत दुखद और गंभीर घटना है। उन्होंने बताया कि वह मौके पर जाकर पूरे मामले की जानकारी ले चुके हैं। यदि पीड़ित परिवार प्रशासनिक जांच की मांग करता है तो टीम गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी। फिलहाल पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी बोले आरोपी गिरफ्तार, हर पहलू से जांच जारीएसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरे घटनाक्रम की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई न होना भी बना चर्चा का विषय इस गंभीर घटना के बावजूद किसी भी लापरवाह पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई न होना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि शिकायत के बाद पुलिस सतर्कता दिखाती तो संभवतः यह घटना बच सकती थी। वहीं इस मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

# डीएम के निर्देशन में टीम द्वारा भूकंप पर किया मॉकड्रिल का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**



**आगरा ।** जिलाधिकारी श्री अरविंद अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी के कुशल निर्देशन में आज जनपद में ताजमहल पर भूकंप अभ्यास के अंतर्गत भूकंप आने की आपातकाल स्थिति में आत्मरक्षा एवं बचाव की जानकारी आमजन को देने के उद्देश्य से मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान आम जनमानस अपने आप को किसी भी आपात कैसे बचाव करेए इसका सजीव चित्रण किया गया। मॉकड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एवं राज्य आपदा मोचन बल ए सीआईएसफयूनिट ताज महल स्वास्थ्य विभागए पुलिस विभागए के साथ संयुक्त रूप से आपसी समन्वय बनाते हुए प्रतिभाग किया गया। मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरफटीम द्वारा भूकंप आने पर बिल्डिंग में फंसे लोगों को बाहर निकालने का दृश्य परिलक्षित किया गया। जिसमें भूकंप के कारण 3 व्यक्तियों को घटना से पीड़ित दर्शाया गयाए जिसमें से एक पीड़ित को ज्यादा चोट की वजह से एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेजे जाने का पूर्वाभ्यास किया गया साथ ही 2 व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा घटना स्थल पर ही प्राथमिक चिकित्सा देकर भेज दिया गया। मॉकड्रिल के दौरान अपर जिलाधिकारी ;(वि/रा) नोडल मॉकड्रिल श्रीमती शुभांगी शुक्लाए सीनियर वीके दुबे राकेश शुक्ला डिप्टी कमांडेंट सीआईएसएफए एसीपी पीयूष कांत रायए आपदा विशेषज्ञ शिवम कुमार मिश्रा इंस्पेक्टर आरके त्रिपाठी सीआईएसफए इंस्पेक्टर हेमंत कुमार सीआईएसफए डिप्टी सीएमओ सुशील कुमार ।एएसआई अंकित यादव एवं अनुपम कुमार एवं आपदा मित्र आदि मौजूद रहे।

# बरेली में बुलडोजर ने रौंदा दलालों का दबदबा



**बरेली ।** बरेली में परिवहन कार्यालय के बाहर डेरा जमाए बैठे बिचौलियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को एआरटीओ प्रशासन प्रवेश सरोज की अगुवाई में अभियान चलाया गया। पीएसी व पुलिस टीम की मौजूदगी में बुलडोजर की मदद से अस्थायी दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। दो घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान बिचौलियों में खलबली मची रही। बरेली में परिवहन कार्यालय के बाहर डेरा जमाए बैठे बिचौलियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को एआरटीओ प्रशासन प्रवेश सरोज की अगुवाई में अभियान चलाया गया। पीएसी व पुलिस टीम की मौजूदगी में बुलडोजर की मदद से अस्थायी दुकानों को जमींदोज कर दिया गया। दो घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान बिचौलियों में खलबली मची रही।इस दौरान एक प्लाटून पीएसी व कैंट थाने की फोर्स मौजूद रही। संयुक्त टीम को देखते ही दलाल भाग खड़े हुए। कार्यालय के बाहर दोनों तरफ 20 फुट की चौड़ाई में बनाई गई करीब 100 अस्थायी दुकानों को जेसीबी से तोड़कर गिरा दिया गया। ठेलों को भी हटाया गया। उधर से गुजर रहे लोगों ने कहा कि इन अस्थायी दुकानों की वजह से अक्सर जाम लगता था। ये दुकावों का फैलाव सड़क तक हो गया था। इससे हादसे भी हो रहे थे। संयुक्त टीम में आरआई रमेश कुमार प्रजापति, कैंट थाने के इंस्पेक्टर क्राइम भारत सिंह आदि मौजूद रहे।आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बत ाया कि परिवहन विभाग की तरफसे दलालों के खिलाफअभियान चलाया जा रहा है। हालांकि, इस दौरान कोई भी संदिग्ध नहीं पकड़ा गया। अस्थायी दुकानों को जेसीबी से तोड़कर गिरा दिया गया है।

# खंदौली में सांड के हमले से किसान घायल हाथ में फ्रैक्चर

**अमर भास्कर ब्यूरों**



**खंदौली ।** ब्लॉक खंदौली की ग्राम पंचायत रामनगर में गुरुवार शाम खेत से लौट रहे एक वृद्ध किसान पर अचानक सांड ने हमला कर दिया। हमले में किसान जमीन पर गिरकर घायल हो गए और उनके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। परिजन उन्हें तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी किसान बनवारी लाल उपाध्याय ;75 पुत्र देवकीनंदन उपाध्याय गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे अपने खेत से घर लौट रहे थे। जब वह बंबे के पास डीएन पब्लिक स्कूल के समीप पहुंचेए तभी पीछे से आए एक सांड ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से किसान संभल नहीं सके और जमीन पर गिर पड़े। इससे उनके बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल किसान को तुरंत अस्पताल ले जाकर उपचार कराया। घायल किसान के भाई राम प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि ग्राम पंचायत रामनगर में बेसहारा गोवंश सड़कों और गलियों में खुलेआम घूमते रहते हैं और जिम्मेदार अधिकारी केवल कागजों में ही बेसहारा गोवंशों को गौशालाओं में भेजने का दावा करते हैं जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति अलग है। उन्होंने कहा कि आवारा गोवंशों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैंए जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सार-संक्षेप

### होली के दिन एक्सीडेंट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत



**अमर भास्कर ब्यूरों**

**आगरा ।** आगरा.अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर होली के दिन चार मार्च को हुई दो बाइकों की आमने.सामने की भिड़ंत में घायल हुए टर्रकपुर निवासी बंटी उपाध्याय 45की उपचार के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि चार मार्च को थाना खंदौली क्षेत्र के पीलीपोखर स्थित आदि श्री होटल के सामने स्कूटी और बुलेट बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई थी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस दुर्घटना में बंटी उपाध्याय 45 पुत्र अमल कुमार उपाध्याय निवासी टर्रकपुर थाना खंदौली घायल हो गए थे वहीं बुलेट सवार भी घायल हो गए थे परिजनों के अनुसार बंटी उपाध्याय का उपचार चल रहा थाए लेकिन हालत गंभीर बनी हुई थी गुरुवार रात को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और गांव में शोक का माहौल है।

### फतेहपुर सीकरी में बंद मकान का जाल काटकर चोरी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फतेहपुर।** थाना फतेहपुर सीकरी पुलिसए एसओजी और सर्विलांस टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन में रेलवे लाइन के पास स्थित बंद मकान में हुई चोरी की वारदात का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने.चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार नगला मालीयान इस्लामनगर निवासी रविंद्र कुमार ने 10 मार्च 2026 को तहरीर दी थी कि होली के त्योहार के कारण वह अपने परिवार सहित पैतृक गांव गए हुए थे।

जब वे वापस लौटेए तो घर के ताले टूटे मिले और अंदर से कीमती आभूषण गायब थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा संख्या 75/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रभारी निरीक्षक आनंदवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 11 मार्च को मुखबिर की सटीक सूचना पर इस्लामनगर रोड के पास दोर रोड पर घेराबंदी की। वहां से एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया जिसकी पहचान असगर पुत्र सुक्की ;निवासी पीपल मंडीए दौरेठा थाना शाहगंज आगरा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने छत पर लगे लोहे के जाल को काटकर घर में प्रवेश किया था। सर्विलांस सेल प्रभारी अनुज कुमारए उप.निरीक्षक प्रमोद कुमारए अनुराग कुमारए और कांस्टेबल मानवेन्द्र कुमार व विनय की अहम भूमिका रही। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की नियम पुनरीक्षण समिति

**अमर भास्कर ब्यूरों**



**आगरा।** आगरा जनपद में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की नियम पुनरीक्षण समिति का माण्सभापति श्री हरि ओम पाण्डेय जी के सभापतित्व में अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम 14 मार्च को आगमन प्रस्तावित है। जनपद मथुरा से चलकर नियम पुनरीक्षण समिति के माननीय सदस्य आगरा पहुंचेंगे जहां सर्किट हाउस में जनपद आगरा तथा फिरोजाबाद के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करेंगे। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के नियम पुनरीक्षण समिति की बैठकसमीक्षा में विगत 03 वर्ष में जनपद में मा० सदस्य विधान परिषद् व मा० सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रों के पंजीयन हेतु शासनादेशानुसार उनके अलग रजिस्टर पर अंकित करके कार्यवाही किये जाने के संबंध में क्या व्यवस्था है व कितने पत्रों का उत्तर दिया गया तथा कितने पत्र कार्यवाही हेतु लंबित हैं मा० सदस्य विधान परिषद्विधान सभा के विकास निधि से होने वाले कार्यों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया तथा पूर्ण करने की समय सीमा क्या है क्या समय सीमा के निर्धारण में शासनादेशों का अनुपालन किया जा रहा है। जनपद में पिछले तीन वर्षों में विधायक निधि द्वारा कितने कार्य किये गये जिले में एक जिला एक उत्पाद के सबंध में क्या लक्ष्य है और उसके संबंध में क्या प्रगति हुई है पिछले तीन वर्षों में जिले में विधान परिषद् की किन.किन समितियों की बैठक हुई और उनके कितने निर्देशों का अनुपालन किया गया विगत तीन वर्षों मे विधान परिषद् के कितने अल्पसूचित तारांकित अतारांकित प्रश्न के उत्तर भेजे गए विगत तीन वर्षों में विधान परिषद् के नियम 115,105,110 तथा 111 की कितनी सूचनाओं का उत्तर भेजा गया। उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की कितनी याचिकायें प्राप्त हुई और उसके सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गईए विशेषाधिकार हनन के कितने मामले लम्बित है विगत तीन वर्षों में विधान परिषद्विधान सभा के कितने मा० सदस्यों के संस्तुति शिकायती पत्र प्राप्त हुए और उन पर अब तक क्या कार्यवाही की गई मा० विधायकों के प्रोटोकाल के उल्लंघन के कितने मामले लंबित है जैसे बिंदुओं पर समीक्षा की जाएगी।

# रोजा इफ्तार पार्टी में अमन चैन के लिए लोगों ने मांगी दुआएं

**अमर भास्कर ब्यूरो**



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जनपद के डुमरियागंज में वार्ड सभासद मुजीब उर्फमुजीबुर्रहमान के द्वारा कल देर शाम को रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम रोजेदारों ने भाग लिया। रोजा इफ्तार में लोगों ने अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में रोजेदार मोण् रफीक ने कहा कि रमजान का महीना बड़ा ही पाक महीना होता है। इस महीने में लोगों को पाबंदी के साथ रोजा रखना चाहिए तथा नवाजए जकात व अन्य बातों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी से कहा कि लोग अमन शांति के लिए दुआ करें। वही कार्यक्रम आयोजक मुजीबुररहमान ने आए हुए सभी रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर सभासद नसीम अहमदए सैयद अलीए पप्पू मलिक वहाब राईनी मोहम्मद अशफाक फैजान अहमद आदि लोग मौजूद रहे ।

# बीए तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओ को दी गई विदाई

**अमर भास्कर ब्यूरो**

**सिद्धार्थनगर।** राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज (सिद्धार्थनगर )में शुक्रवार को बी ए अन्तिम वर्ष के बच्चों के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह में हर्षोल्लास एवं शांतिमय माहौल में आयोजित किया। इस अवसर पर आदरणीय प्राचार्य प्रोफेसर रवीद्र प्रसाद मिश्र ने कार्यक्रम का शुरुत दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस बाद विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सास्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डाक्टर मालिक राम वर्मा के देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके उपरांत समस्त प्राध्यापक गण ने अपनी अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। इतिहास विषय के प्राध्यापक अजय कुमार ने बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य एक अच्छें व्यक्ति का सृजन होता है। डाक्टर अमरनाथ ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। डाक्टर शफीकुर्हमान ने युवा पीढ़ी को मेहनत करने का सुझाव दिया। सास्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डाक्टर मालिक राम वर्मा ने युवाओ को सफल होने के सही दिशा में मेहनत करने पर बल दिया।

# बरेली में खुराफातियों ने की माहौल बिगाड़ने की कोशिश



**बरेली ।** बरेली के कोतवाली क्षेत्र में संवेदनशील इलाके मुर्गा वाली गली के पास शराबियों की हरकत से अलविदा जुमा से पहले माहौल बिगड़ते-बिगड़ते बचा। स्कूटी की साइड लगने से साइकिल सवार बच्ची मामूली घायल हुई तो मदद करने वालों से ही झगड़ बैठे। दोनों पक्षों के बीच पथराव हो गया। घटना में एक पक्ष के तीन समेत चार लोगों के सिर फुटे हैं। मारपीट, पथराव के वीडियो वायरल हुए तो शहर में सांप्रदायिक बवाल की अफवाह फैल गई। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों की मदद से स्थिति पर काबू पा लिया। पुलिस ने बच्ची को बुलाकर बात की तो उससे भी स्थिति स्पष्ट हो गई।सीओ प्रथम आशुतोष शिवम को स्थानीय लोगों ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब सवा दस बजे 12 साल की बच्ची साइकिल से घूम रही थी। मुर्गा वाली गली के पास एक स्कूटी उसकी साइकिल में साइड मारकर निकल गई। इससे बच्ची साइकिल समेत गिर पड़ी और मामूली घायल हो गई। इसी गली में मीट की दुकान पर काम करने वाले सिकलापुर निवासी तीन सगे भाई जुनैद, जुबैर व नावेद दुकान बंद करके निकले तो उन्हें दूसरे समुदाय की बच्ची सड़क पर कराहती दिखी। उन्होंने उसकी मदद की और साइकिल उठाकर खड़ी कर दी। बच्ची साइकिल पर बैठकर घर की ओर चली गई। इस बीच थोड़ी दूर पर यहीं खोखे पर काम करने वाला विक्की अपने दोस्तों के साथ बैठा था।

विक्की और उसके साथी जुनैद आदि के पास आए और उन्हीं को बच्ची को घायल करने का जिम्मेदार बताने लगे। दोनों पक्षों में बहस के बाद ईंट-पत्थर और डंडे चले। इससे तीनों भाइयों जुनैद, जुबैर व नावेद के साथ ही विक्की घायल हो गया। जब तक कोतवाल सुरेश चंद्र गौतम पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे, दोनों पक्षों के बाकी लोग भाग निकले।

# मस्जिदों पर अलविदा को लेकर दिखाई दी विशेष रौनक

**अमर भास्कर ब्यूरो**



**सिद्धार्थनगर।** अलविदा की नमाज शुक्रवार को पूरी अकीदत के साथ सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रो में स्थित मस्जिदो मे पूरी अकीदत के साथ अदा की गई। मस्जिदों में नमाज के बाद हजारों रोजेदारों ने अल्लाह की बारगाह मे हाथ बुलंद कर मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। हर तरफ खुशनुमा माहौल नजर आया। बच्चेए बूढ़े जवान सभी के चेहरे पर पाकीजगी की चमक दमक साफ तौर से दिखाई दे रही थी। जिला मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद हो या बैदौला स्थित गरीब नवाज मस्जिदए हल्लौर की शिया जामा मस्जिदए बेवा चौराहे की मदीना सुन्नी बड़ी मस्जिदए बयारा मस्जिद लगभग हर जगह और हर मस्जिदों में मुकद्दस रमजान के अंतिम शुक्रवार यानी जुमा अलविदा की नमाज को लेकर रौनक सवेरे से दिखने लगी थी मस्जिद कमेटी द्वारा जहां नमाजियो के लिए पर्याप्त मात्रा मे जानमाज तथा भीड़ अधिक होने के मद्देनजर शामियाना और टेंट का मुकम्मल इंतजाम कर दिया गया था उम्मीद से बढ़कर नमाजियो की भीड़ नमाज के समय लगभग हर मस्जिदों में उमड पड़ीस पाक महीने रमज़न में महीने भर तक रोज़ा रखने वालों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। आखिर उन्हें रमज़ान के बाद ईद का नायाब तोहफा जो मिलने जा रहा है। ऐसे में हर शख्स पर रुहानी दमक साफझलक रही थी। जुमा अलविदा सुन्नी . शिया दोनों समुदाय के हजारों लोगों ने शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अदा की।मस्जिदों में शुक्रवार को पूरी अकीदत और एहतेराम के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम मौलाना शहकार हुसैन जैदी तथा मौलाना एहसानूल्लाह कासमीए मौलाना कादिरए मौलाना मकसूद अकरमए मौलाना तनवीर अहमद कासमी आदि ने खुत्बा और तकरीर में अलविदा जुमा की अहमियत नमाजियो को समझाई। ईद को रमजान का तोहफा बताया। साथ ही बताया क्या होती है अलविदा की नमाज । कहाए अलविदा से तात्पर्य है किसी चीज के रुखसत होने काए यानी रमजान हमसे रुखसत हो रहा है। इसलिए इस मौके पर जुमे को अल्लाह से खास दुआ की जाती है कि आने वाला रमजान हम सब को फिर नसीब हो। रमजान की बरकतें व रहमतें हर महीनों से ज्यादा होती हैं। वैसे तो इस्लाम में हर नमाज और हर जुमे की की अहमियत हैए लेकिन रमजान का आखिरी जुमा काफी खास ही होता है।

इस पाक महीने के 30 दिन खत्म होने के बाद ईद उल फितर का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जुमा अलविदा के बाद ईद की दस्तक शुरू हो जाती है हर तरफअभी से ही त्यौहार की रौनक दिखाई देने लगी है। लोगों ने जुमा अलविदा की नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर और मुसाफा कर एक दूसरे को अलविदा और ईद की अग्रिम बधाई दीस सिद्धार्थनगर मुकद्दस रमजान माह के अंतिम शुक्रवार जुमा अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर जहां पहले ही डीएम शिवशरण अणप्पा और पुलिस कप्तान डाक्टर अभिषेक महाजनए सीडीओ बलराम सिंहए एडीएम न्यायिक डाक्टर ज्ञान प्रकाश द्वारा प्रत्येक मस्जिद पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी और राजस्व कर्मी मुस्तैद कर दिए गए।

# जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बदायूँ के ऑडिटोरियम में जनगणना 2027 के लिए जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच के दूसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो कि आगामी 14 मार्च तक चलेगा। जनगणना के इतिहास में पहली बार स्व-गणना पद्धति के अंतर्गत सामान्य परिवारों को यह सुविधा दी गई है कि वे सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जनगणना अनुसूची भर सकें। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 18 मार्च तक तथा तृतीय बैच का 23 से 25 मार्च तक निर्धारित किया गया है।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जनगणना एक सांविधिक गतिविधि है जो कि संघ सूची अनुच्छेद 246 तथा जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत संचालित की जाती है। जनगणना 2027, 1872 से 16वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात 8वीं जनगणना है, प्रगणक व पर्यवेक्षक इसकी रीढ़ है। जनगणना के ऑकड़े कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिए आधार बनते हैं।

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 दो चरणों में संचालित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (2026) तथा द्वितीय चरण जनसंख्या की गणना (2027)मकान सूचीकरण, मकानों की स्थिति, सुविधाओं, परिसंपत्तियों की महत्वपूर्ण सूचना प्रदान करता है और जनसंख्या की गणना के लिए ढांचा भी बनाता है। जनसंख्या की गणना में प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विवरण एक निश्चित संदर्भ दिनांक व समय पर दर्ज किया जाता है।

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 में सेन्सस 2027 एचएलओ मोबाईल ऐप का उपयोग करते हुए डिजिटल डेटा संग्रह करने की ओर एक बड़ा परिवर्तन किया गया है, जिसमें एचएलओ का अभिप्राय मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य है। जनगणना 2027 में पहली बार स्व गणना प्रारम्भ की जा रही है, प्रगणकों को स्व-गणना के माध्यम से भरे गए डाटा को सबमिट करने से पूर्व डाटा की जाँच करनी होगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में डेटा नैतिकता, गोपनीयता, सुरक्षा और मोबाइल और वेब ऐप समस्याओं का निवारण ऐप उपयोग और डेटा सुरक्षा के लिए क्या करें और क्या न करें,जनगणना की प्रक्रिया, परिभाषाएं, हाउस लिस्टिंग, लेआउट मैप तथा आंकड़ा संकलन की विधियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स एसके इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य संदीप भारती व एसके इण्टर कॉलेज के अध्यापक बृजेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से जनसंख्या से संबंधित सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं।

# हिंदुस्तान पेट्रोलियम के दो अधिकारियों की हत्या का अरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

## पुलिस की लापरवाही पर उठे तीसे सवाल



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जनपद के मूसाझाग क्षेत्र स्थित भ्पदकनेजंद च्मजतवसमनउ ब्वतचवतंजपवद स्पउपजमक (एचपीसीएल) के सीबीजी प्लांट में दो वरिष्ठ अधिकारियों की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ठेकेदार अजय प्रताप सिंह को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ के दौरान आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना ने न केवल पूरे जनपद को झकझोर दिया है बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस आरोपी के खिलाफ कई सप्ताह पहले जान से मारने की धमकियों की शिकायत दर्ज कराई गई थी, उसी व्यक्ति ने खुलेआम प्लांट परिसर में घुसकर दो अधिकारियों को गोलियों से भून दिया।

मृतकों में एचपीसीएल के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता (55) और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा (35) शामिल हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार सुधीर गुप्ता के सीने में दो गोलियां धंसी हुई मिलीं, जबकि हर्षित मिश्रा के सीने में लगी गोली उनके दिल को चीरते हुए आर-पार निकल गई। बताया जा रहा है कि आरोपी अजय प्रताप सिंह पहले प्लांट में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्य करता था और पराली आपूर्ति का ठेका भी लेता था। अधिकारियों को जब उसके द्वारा पैसों के बदले नौकरी दिलाने और ठेकों में अनियमितता की शिकायतें मिलीं तो उसे नौकरी से निकालकर उसकी फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। इसी के बाद से वह अधिकारियों को लगातार धमकियां दे रहा था। उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता ने लगभग एक माह पहले मूसाझाग थाने में लिखित शिकायत देकर अपनी जान को खतरा बताया था, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यही लापरवाही अंततः दो जिंदगियों पर भारी पड़ गई। बताया जाता है कि लगातार मिल रही धमकियों से परेशान होकर सुधीर गुप्ता ने सेवानिवृत्ति से पांच वर्ष पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का आवेदन भी दे दिया था, जो स्वीकार हो चुका था।

## सैंजनी हत्याकांड पर पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव ने जताया शोक



**बदायूं।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक च्तमउचंसै पदही ल्कंअ ने सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड पर गहरा दुख प्रकट करते हुए इसे पुलिस और प्रशासन की गंभीर लापरवाही का परिणाम बताया है।

उन्होंने कहा कि प्लांट में कार्यरत अधिकारी सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा ने पहले ही कई बार पुलिस को लिखित और मौखिक रूप से अपनी जान को खतरा होने की जानकारी दी थी, लेकिन इसके बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। यदि समय रहते पुलिस ने शिकायतों को गंभीरता से लिया होता तो शायद यह दर्दनाक घटना टाली जा सकती थी। प्रेमपाल सिंह यादव ने कहा कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ही अपराधियों के हौसले इतने बढ़ गए कि आरोपी ने दिनदहाड़े प्लांट परिसर में घुसकर दोनों अधिकारियों की निर्मम हत्या कर दी। उन्होंने इसे कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताते हुए कहा कि यह घटना प्रशासनिक उदासीनता की स्पष्ट मिसाल है।

## सार-संक्षेप

### जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनर्नियुक्ति का अवसर, 23 मार्च करें आवेदन

**बदायूं।** अध्यक्ष, चयन समिति/प्रथम अपर जिला जज रिंकू जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14/एडमिन, 'डी' सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुक्रम में जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो, रिक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि पुनर्नियुक्त कर्मचारी की सेवा शर्तें परिपत्र के अनुरूप होंगी। आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रारूप पर 23 मार्च 2026 की सायं 04:00 बजे तक प्रशासनिक अधिकारी, जनपद न्यायालय बदायूँ के पटल पर प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि नियुक्ति 65 वर्ष की आयु या 01 वर्ष की अवधि, जो भी पहले हो, तक के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) की जायेगी। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी। उन्होंने बताया कि स्टेनोग्राफर पद के लिए 08, ग्रुप-सी पद के लिए 17 तथा ग्रुप-डी पद के लिए 23 पदों पर पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि इसके सम्बंध में जानकारी सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है तथा जनपद न्यायालय बदायूँ की वेबसाइट पर भी इसे अपलोड किया गया है।

### एएस इंटप्राईजेज इलेक्ट्रॉनिक्स का भव्य उद्घाटन

**सहसवान।** कस्बे में नियर बिसौली बस स्टैंड, डार्लिंग रोड स्थित ए एस इंटप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक्स का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सपा नेता जमालुद्दीन और सपा प्रदेश सचिव शाहिद खान उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवसाय का औपचारिक शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर व्यवसायिक माहौल और नवाचार पर जोर दिया गया।

शाहिद खान ने अपने संबोधन में युवाओं और व्यवसायियों को टेक्नोलॉजी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नए अवसरों का लाभ उठाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर नई पहल और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए इस तरह के स्टार्टअप और व्यवसाय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सपा नेता जमालुद्दीन ने भी उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों को व्यवसाय की सफलता और क्षेत्रीय विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान सभी अतिथियों ने स्टोर का अवलोकन किया और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। यह उद्घाटन क्षेत्र में व्यवसाय और रोजगार के नए अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अरमान मलिक, शाजेब खान, शाहद खान, दानिश चौधरी, सोहिल खान, भूरे,शाज, आदिल, अर्शी खान, काशिफ अली खान, जुबैर, फरमान, यासीन खान दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (न्यायिक) बदायूं।

बाद संख्या

**वीरेन्द्र सिंह आदि बनाम ( दुर्विजय सिंह मृतक )रितेश राठौर आदि**

वीरेन्द्र सिंह, यतेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण बाबू सिंह निवासीगण ग्राम आमगांव परगना व तहसील व जिला बदायूं.... वादीगण

**बनाम**

1- रितेश राठौर पुत्र दुर्विजय सिंह 2-श्रीमती दर्शना देवी पत्नी दुर्विजय सिंह 3-जितेन्द्र सिंह 4-योगेन्द्र सिंह 5-ब्रजेन्द्र सिंह पुत्रगण टीकम सिंह निवासीगण ग्राम आमगांव परगना व तहसील व जिला बदायूं 6-धर्मपाल 7-परमजीत 8-अर्जुन 9-दुर्योधन पुत्रगण रामचन्द्र 10-श्रीमती धनमेश्वरी पत्नी रामचन्द्र 11-रामविलास पुत्र बडी निवासीगण ग्राम मुहम्मद नगर सुलरा परगना व तहसील व जिला बदायूं 12-सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलक्टर साहब बदायूं 13-गांव सभा/ग्राम पंचायत मुहम्मद नगर सुलरा परगना बदायूं द्वारा प्रधान निवासी ग्राम मुहम्मद नगर सुलरा परगना व तहसील व जिला बदायूं 14-श्रीमती शान्ती देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नगला शर्की परगना व तहसील व जिला बदायूं 15-देवेन्द्र सिंह 16-उपदेश सिंह पुत्रगण होतम सिंह 17-सोमवती पत्नी होतम सिंह 18-राम औतार 19-कृष्ण औतार पुत्रगण प्रहलाद सिंह 20-राकेश सिंह 21-मदनपाल सिंह 22-आदेश सिंह पुत्रगण फूलसिंह 23-श्रीमती ब्रजेश कुमारी पत्नी नरेन्द्र सिंह 24-सर्वेश सिंह 25-नरेश सिंह 26-रोहिताश सिंह पुत्रगण फूलसिंह निवासीगण ग्राम आमगांव परगना व तहसील व जिला बदायूं..........प्रतिवादीगण

चूंकि उपरनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है धारा 30 उ.प्र.रा.सं. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 20-03-2026 ई. पूर्वान्ह 10 बजे स्वयं या सम्यक रूपेणा अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जावेगा अवधारित किया जायेगा।

आज दिनांक 09-03-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से

पेशकार

न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (न्यायिक) बदायूं।

# आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन




**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव कोमल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 मार्च 2026 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर बदायूं में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बदायूँ विवेक संगल की अध्यक्षता में किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

उन्होंने बताया कि 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर लाभ पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण, पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकता है, लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है, सिविल प्रकृति के लंबित मामलों के लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर निस्तारित वाद पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत में निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं, कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज एवं सुलभ और आपसी समझौते पर आधारित होती है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल प्रकृति के वाद, अपराधिक शमनीय वाद, राजस्व वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, बैंक वसूली वादों, मोटर दुघर्टना प्रतिकर याचिकाएँ, पारिवारिक वादों, श्रम वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत, जल-कर एवं दूरसंचार बिल के विवाद, एन०आई०एक्ट, विधवा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना आदि सहित ऐसे विवाद जो अभी तक न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, उन्हें भी वाद पूर्व सुनवाई (प्री-लिटीगेशन) स्तर पर निस्तारित कराया जा सकता है।

# जुनैद सुल्तानी 18 वर्षो सेमना रहे है जश्न-ए-छोटे बड़े सरकार, कब्बाली की सजी महफिल



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** शहर में बीती रात जश्न-ए-छोटे बड़े सरकार का कार्यक्रम बड़ी शान-ओ-शौकत और अकीदत के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रसिद्ध कव्वाल जुनैद सुल्तानी द्वारा लगातार 18 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए मशहूर शायरों और कव्वालों ने अपनी प्रस्तुतियों से महफ़िल को रूहानी रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ओवैस सुल्तानी ने कौल पेश कर की। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में पढ़ा-

तन में अली-अली, तो जुबां पर अली-अली,

मर जाऊं तो कफन पर भी लिखना अली-अली।

इसके बाद देवेंद्र कुमार सिंह ठाकुर ने भी अपने कलाम से महफिल को सजाया। उन्होंने अल्लाह ही जाने कौन बशर है पढ़कर श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी।

हैदराबाद से पधारे मशहूर शायर आरिफ सैफी ने अपने अंदाज-ए-बयां से महफिल में समां बांध दिया। उनके शेरों पर उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों और वाहवाही से स्वागत किया। उन्होंने पढ़ा कृ

गूंज है सारे जहां में इसके ही मयार की,

शान है ऐसी बदायूं वाले इस दरबार की।

हर किसी के वास्ते रहमत है और इंसाफहै,

बादशाहत है यहां छोटे बड़े सरकार की।

मुंबई से आए शायर नौशाद अली ने भी अपने कलाम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में रामपुर से आए सरफ़राज राजा कव्वाल ने कव्वाली पेश कर माहौल को और अधिक रूहानी बना दिया। उन्होंने छोटे-बड़े सरकार की शान में पढ़ा-

मैं गदा हूँ, मेरे साथ सुल्तान हैं,

मुझसे नाचीज की यही पहचान है। पूरे कार्यक्रम के दौरान देर रात तक बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और अंत तक महफिल में रौनक बनी रही। इस अवसर पर दरगाह से जुड़े जावेद पीर, शहजाद पीर, राहिल पीर, अजमेरी पीर, दानिश पीर, मुशफ्फे पीर, रहबर पीर और मोहसिन पीर सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे।

# जयंती पर सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम

## बदायूं के कांग्रेसियों की सहभागिता



**अमर भास्कर, संवाददाता**

**बदायूं।** लखनऊ स्थित जुपिटर हॉल में आयोजित मान्यवर कांशीराम जयंती के अवसर पर सामाजिक परिवर्तन दिवस कार्यक्रम में बदायूं जनपद के कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे।

कार्यक्रम में बदायूं से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वयक ओमकार सिंह, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्नालाल सागर, जिला कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष व मनरेगा समन्वयक श्रीमती सुनीता सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता उपासना सिंह, गुड्डू श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी किसान कांग्रेस के महासचिव गौरव सिंह राठौर, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सद्दाम सैफी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सचिव मुन्नालाल पाल (एडवोकेट) तथा जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस नेता तेनस ळंदकीप ने अपने संबोधन में सामाजिक न्याय और भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि देश में बड़ी आबादी आज भी सत्ता और निर्णय प्रक्रिया से दूर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि समाज के लगभग 85 प्रतिशत वंचित और पिछड़े वर्गों को अधिकार और भागीदारी दिलाने के लिए संगठित प्रयास करने होंगे।

इस अवसर पर मान्यवर कांशीराम के सामाजिक न्याय और बहुजन सशक्तिकरण के योगदान को याद करते हुए उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न देने का प्रस्ताव भी सभा में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसमें बदायूं से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता भी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम का जीवन सामाजिक परिवर्तन और समानता की लड़ाई का प्रतीक रहा है और उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं।

# समर्पित कार्यकर्ताओं के संघर्ष और सेवा से भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी

## संघर्ष, तप और संगठन शक्ति से भाजपा ने तय किया शिखर तक का सफर: राजीव




**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**बदायूं।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत बिसौली नगर, इस्लामनगर, उझानी ग्रामीण, जगत, वजीरगंज मंडल में प्रशिक्षण वर्गों में बिसौली नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ब्लू ऑर्चिड बिसौली में आयोजित हुआ जिसका उद्घाटन जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर शुभकामनाएं किया। तथा इस्लामनगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग प्रेम रिसॉर्ट इस्लामनगर में आयोजित हुआ जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक दयासिन्धु शंखधार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा जगत मंडल का प्रशिक्षण वर्ग ममता उत्सव लॉन में आयोजित हुआ। जिसका उद्धघाटन पूर्व चौयरमैन दीपमाला गोयल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा उझानी ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग भगवान दास पैलेस में आयोजित हुआ। जिसका उद्धघाटन वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। तथा वजीरगंज मंडल का प्रशिक्षण वर्ग वार्ष्णेय रिसोर्ट कुंवरगांव में आयोजित हुआ। जिसका उद्धघाटन वरिष्ठ नेता डॉ शैलेश पाठक ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इतिहास एवं विकास विषय पर पूर्व विधायक दयासिन्धु शंखधार ने कहा कि भाजपा का विकास एक लंबी वैचारिक और संगठनात्मक यात्रा का परिणाम है। भारतीय जनसंघ से प्रारंभ होकर आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई है। यह सब समर्पित कार्यकर्ताओं के संघर्ष, परिश्रम और राष्ट्र सेवा की भावना से संभव हुआ है। संगठन का इतिहास प्रत्येक कार्यकर्ता को निरंतर सेवा और संगठन विस्तार के लिए प्रेरित करता है।

कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि विषय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग से संपर्क और संवाद अत्यंत आवश्यक है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर लोगों की समस्याओं को समझता है, और उन्हें संगठन की विचारधारा व नीतियों से जोड़ने का कार्य करता है। कार्यकर्ताओं के सतत प्रयासों से ही संगठन निरंतर मजबूत होता है।

इतिहास एवं विकास विषय पर बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि भाजपा का इतिहास जनसंघ से प्रारंभ होकर संघर्ष, तप और संगठनात्मक शक्ति के बल पर आगे बढ़ा है। अनेक कठिन परिस्थितियों में भी कार्यकर्ताओं ने संगठन की विचारधारा को मजबूती से आगे बढ़ाया और आज उसी का परिणाम है कि भाजपा देश की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बनकर राष्ट्र सेवा का कार्य कर रही है।

भाजपा सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन विषय पर पूर्व चौयरमैन दीपमाला गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करें। वैचारिक अधिष्ठान विषय पर वरिष्ठ नेता राणा प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर आधारित संगठन है। भाजपा की विचारधारा राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित है और इसका उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे इस विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## संपादकीय

# उपभोक्ता की जागरूकता ही बाजार की असली निगरानी

बाजार की इस विशाल दुनिया में हम सब किसी न किसी रूप में उपभोक्ता हैं। हमारा पहनावा, हमारा भोजन और हमारी रोजमर्रा की सेवाएँकृये सभी हमें उपभोक्ता की पहचान देती हैं। पर सवाल यह है कि क्या हर उपभोक्ता अपने अधिकारों से सचमुच परिचित है? क्या उसे यह पता है कि बाजार से उसे क्या मिलना चाहिए और क्या नहीं? यदि नहीं, तो यह जागरूकता आखिर आएगी कब और कैसे? इन्हीं प्रश्नों को केंद्र में रखकर हर वर्ष 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है, ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों को समझें, उनके लिए आवाज उठाएँ और एक निष्पक्ष व पारदर्शी बाजार व्यवस्था की मांग को मजबूत कर सकें।

तेजी से बदलते बाजार में उपभोक्ता की सुरक्षा और विश्वास सबसे महत्वपूर्ण आधार बन गए हैं। इसी संदर्भ में वर्ष 2026 के लिए इस दिवस की थीम सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता निर्धारित की गई है। यह केवल औपचारिक विषय नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं में सुरक्षा और भरोसा मजबूत करने का संदेश है। जब बाजार ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में तेजी से फैल रहा है, तब उत्पादों की सुरक्षा, गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना आवश्यक हो गया है। इसलिए उपभोक्ताओं को सुरक्षित, प्रमाणित और भरोसेमंद उत्पाद व सेवाएँ मिलना जरूरी है। साथ ही बाजार व्यवस्था भी ऐसी होनी चाहिए, जहाँ पारदर्शिता, गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ विकल्प उपलब्ध हों, ताकि उपभोक्ता विश्वास के साथ खरीदारी कर सकें। केवल उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी देना ही पर्याप्त नहीं है। असली चुनौती यह है कि आज भी बड़ी संख्या में लोग अपने अधिकारों से अनजान हैं। उन्हें यह तक पता नहीं होता कि खराब गुणवत्ता का उत्पाद मिलने या किसी सेवा में धोखा होने पर शिकायत कहाँ और कैसे दर्ज कराई जाए। कई बार लोग शिकायत करने से इसलिए भी बचते हैं कि उन्हें लगता है, इससे कोई ठोस बदलाव नहीं होगा। यही उदासीन सोच और चुप्पी व्यापारिक अनियमितताओं को पनपने का अवसर देती है। अक्सर बाजार में उपभोक्ता गलत जानकारी, भ्रामक विज्ञापनों, मिलावटी उत्पादों और अनुचित कीमतों का शिकार बनते हैं। डिजिटल युग ने इस चुनौती को और बढ़ा दिया है, जहाँ ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी और नकली उत्पादों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना और अपने अधिकारों की रक्षा करना पहले से अधिक जरूरी हो गया है। भारत में उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया है, जो उन्हें सुरक्षा, सूचना, सुनवाई, शिकायत निवारण और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार देता है। लेकिन ये कानून तभी प्रभावी बनते हैं, जब उपभोक्ता स्वयं सतर्क और जागरूक हों। वैश्विक स्तर पर भी अब उपभोक्ता अधिकारों को एक नई दिशा देने की पहल हो रही है। अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता संगठन और इसके सदस्य संगठन टिकाऊ जीवनशैली को बढ़ावा देने और उसे सरल व सुलभ बनाने के प्रयास कर रहे हैं। यदि उपभोक्ता अपनी खरीदारी की आदतों में बदलाव लाएँ, तो वे न केवल अपने स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। प्लास्टिक के स्थान पर पुनः उपयोग योग्य वस्तुओं को अपनाना, जैविक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता देना और अनावश्यक उपभोग से बचनाकृये सभी टिकाऊ जीवनशैली की ओर सकारात्मक कदम हैं। हालाँकि यह परिवर्तन तभी संभव है, जब उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदारी निभाएँ। हर व्यक्ति को अपने क्रय-विक्रय के निर्णय सोच-समझकर लेने चाहिए। किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसकी गुणवत्ता की जाँच करना, प्रमाणित विक्रेताओं से ही खरीदारी करना और किसी धोखाधड़ी या अनुचित व्यवहार की स्थिति में उचित मंच पर शिकायत दर्ज कराना जरूरी है। जब उपभोक्ता सचेत और सक्रिय होंगे, तभी कंपनियाँ भी अधिक जवाबदेह बनेंगी और बाजार में अनुचित व्यापारिक प्रथाओं पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। यह अवसर महज जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण संकल्प लेने का भी समय है। यह हमें याद दिलाता है कि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति सजग और सतर्क रहें तथा हर खरीद-फरोख्त का निर्णय समझदारी, जिम्मेदारी और दूरदृष्टि के साथ लें। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने अधिकारों को भली-भाँति समझेगा और टिकाऊ जीवनशैली को अपनाने की दिशा में सचेत कदम बढ़ाएगा, तब निश्चित रूप से एक ऐसी बाजार व्यवस्था का निर्माण संभव होगा जो न्यायसंगत, पारदर्शी और पर्यावरण-अनुकूल हो। उपभोक्ता अधिकारों की अवधारणा किसी एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया है।


**अमर भास्कर**

( हिन्दी दैनिक समाचार पत्र )

- वरिष्ठ संरक्षक : वेदभानु आर्य
- संरक्षक : हामिद अली खाँ
- प्रधान संपादक : फरीद क़ादरी
- संपादक : अबरार अहमद
- कानूनी सला. : मुहम्मद फुरकान, एड.
- व्यवस्थापक : ठा. वेदपाल सिंह
- मैनेजर : केपी यादव
- सह-संपादक : मोहम्मद राशिद
- उप संपादक : जहाँगीर भारती
- दिल्ली प्रभारी : प्रतिमा पाठक


हमारे यूट्यूब चैनल *Amar Bhaskar News* को सब्सक्राइब करें वैल आइकॉन दबाना न भूलें।
**-सर्वेश उपाध्याय, मैनेजिंग एडिटर***

अगर आपके पास भी है कोई कविता, रचना, लेख, गजल एवं छंद तो हमें लिख भेजिए, हमारा पता है:-


**अमर भास्कर कार्यालय**
**निकट होटल रिजेन्सी, लावेला चौक बदायूं (उ.प्र.)।**
**पिन कोड-243601**
*Email- amarbhashkar21@gmail.com*
*Whatsapp. No. 9411214614*


# अबरार की बोली ने फिर दिखाया क्रिकेट कारोबार और.....

क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन गेम कहा जाता है, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप में यह खेल लंबे समय से भावनाओं, राजनीति और पहचान के सवालों से भी जुड़ा रहा है। मैदान पर गेंद और बल्ले के बीच होने वाली टक्कर कई बार सीमाओं के पार फैले रिश्तों की परछाईं भी बन जाती है। इंग्लैंड की 100 गेंदों वाली लीग 'द हंड्रेड' के हालिया ऑक्शन में पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स द्वारा खरीदे जाने के बाद जो बहस छिड़ी है, उसने एक बार फिर यही दिखाया कि क्रिकेट का मैदान कई बार राजनीति, व्यापार और भावनाओं के संगम का मंच बन जाता है। ऑक्शन में अबरार अहमद पर लगभग 1.90 लाख पाउंड यानी करीब 2.34 करोड़ रुपये की बोली लगी। क्रिकेटिंग दृष्टि से देखें तो यह एक साधारण फैसला था। टी20 और छोटे प्रारूपों के क्रिकेट में मिडिल ओवर्स में विकेट लेने वाले स्पिनरों की मांग हमेशा रहती है। खासकर ऐसे स्पिनर जो अपनी गेंदबाजी में विविधता रखते हों और बल्लेबाजों को भ्रमित कर सकें। अबरार अहमद इसी श्रेणी के गेंदबाज माने जाते हैं। पाकिस्तान के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने अपनी 'मिस्ट्री स्पिन' से कई बल्लेबाजों को परेशान किया है। इसलिए किसी भी फ्रेंचाइजी के लिए उन्हें टीम में शामिल करना रणनीतिक रूप से समझदारी भरा कदम माना जा सकता है।



लेकिन जैसे ही यह खबर सामने आई कि उन्हें भारतीय स्वामित्व वाली टीम ने खरीदा है, चर्चा का स्वर बदल गया। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट हमेशा सामान्य खेल संबंधों की तरह नहीं रहा। दोनों देशों के राजनीतिक रिश्तों में लंबे समय से तनाव रहा है और इसका असर क्रिकेट पर भी साफ दिखाई देता है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ दशक से दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है। जब भी दोनों टीमें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आमने-सामने होती हैं, वह मुकाबला खेल से कहीं ज्यादा भावनात्मक और प्रतीकात्मक बन जाता है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट के शुरुआती दौर में हालांकि तस्वीर अलग थी। इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में पाकिस्तान के कई खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए खेले थे। उस समय उम्मीद थी कि क्रिकेट शायद दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य बनाने में एक पुल की भूमिका निभा सकता है। लेकिन उसी साल के बाद हालात तेजी से बदल गए और राजनीतिक तनाव ने क्रिकेट को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद से पाकिस्तानी खिलाड़ियों की आईपीएल में वापसी का रास्ता लगभग बंद हो गया।

इसी पृष्ठभूमि में अबरार अहमद की यह खरीद चर्चा का विषय बनना स्वाभाविक था। कई लोगों ने सवाल उठाया कि जब भारत की सबसे बड़ी लीग में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जगह नहीं मिलती, तो भारतीय निवेश वाली फ्रेंचाइजी को दूसरी लीग में ऐसा फैसला क्यों लेना चाहिए। दूसरी ओर कुछ लोगों ने इसे पूरी तरह पेशेवर फैसला बताते हुए कहा कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट में खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन और टीम की जरूरतों के आधार पर होना चाहिए, न कि उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर।यह विवाद दरअसल आधुनिक फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बदलते स्वरूप को भी सामने लाता है। पिछले एक दशक में क्रिकेट का ढांचा तेजी से वैश्विक हुआ है। आज कई बड़े निवेश समूह दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में टीमें खरीद रहे हैं। एक ही फ्रेंचाइजी नेटवर्क दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और इंग्लैंड जैसी लीगों में सक्रिय है। इस वैश्विक मॉडल में टीमों के फैसले अक्सर व्यावसायिक रणनीति और खेल प्रदर्शन के आधार पर लिए जाते हैं। लेकिन उपमहाद्वीप में क्रिकेट अभी भी केवल खेल नहीं है। यहां यह राष्ट्रीय पहचान और भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा है। यही कारण है कि जब भी भारत और पाकिस्तान से जुड़ा कोई क्रिकेट फैसला सामने आता है, तो वह तुरंत व्यापक चर्चा का विषय बन जाता है। इस पूरे विवाद का एक और दिलचस्प पहलू भी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की नीति के अनुसार सक्रिय भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीगों में नहीं खेल सकते। केवल वही खिलाड़ी विदेशी लीगों में भाग ले सकते हैं जो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले चुके हों। बोर्ड का तर्क है कि यह नीति आईपीएल की विशिष्टता और आर्थिक ताकत को बनाए रखने के लिए जरूरी है। लेकिन समय के साथ इस नीति को लेकर बहस भी तेज होती जा रही है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीगों में खेलने का मौका मिले।

**लेखिका:**
**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**
**लखनऊ।**

# ट्रम्प की टैरिफ राजनीति और भारत के खिलाफ आर्थिक दबाव!

वैश्विक व्यापार की राजनीति अक्सर केवल आर्थिक हितों तक सीमित नहीं रहती बल्कि इसके पीछे भू-राजनीतिक रणनीतियां और शक्ति संतुलन की जटिल चालें भी छिपी होती हैं। हाल ही में अमेरिका द्वारा भारत और चीन सहित 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ तथाकथित अनुचित व्यापार व्यवहार की जांच शुरू करना इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन द्वारा अपनाई जा रही यह नीति केवल व्यापारिक नियमों का मामला नहीं है बल्कि वैश्विक आर्थिक प्रतिस्पर्धा में बढ़ते देशों को नियंत्रित करने का प्रयास भी मानी जा रही है।

पिछले महीने अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रम्प द्वारा लगाए गए टैरिफ को अवैध घोषित कर दिया था। यह फैसला प्रशासन की व्यापारिक रणनीति के लिए बड़ा झटका माना गया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने नया कानूनी रास्ता खोजते हुए ट्रेड एक्ट 1974 के सेक्शन 301 के तहत जांच की प्रक्रिया शुरू की। इस प्रावधान के तहत अमेरिका को यह अधिकार मिलता है कि यदि किसी देश पर अनुचित व्यापार व्यवहार का आरोप साबित होता है तो वह उस देश के खिलाफएकतरफा टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है।

अमेरिका का आरोप है कि कुछ देश अपनी घरेलू जरूरत से अधिक उत्पादन करते हैं और उस अतिरिक्त माल को सस्ते दामों पर वैश्विक बाजार में बेचते हैं। इसे डंपिंग कहा जाता है। साथ ही अमेरिका यह भी दावा करता है कि कई देश सरकारी सब्सिडी देकर अपने उत्पादों को कृत्रिम रूप से सस्ता बनाते हैं ताकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें। अमेरिका का यह भी कहना है कि कुछ देश अपनी मुद्रा को कमजोर बनाए रखते हैं जिससे उनके निर्यात को बढ़ावा मिलता है और अमेरिकी कंपनियों को नुकसान होता है।

हालांकि इस पूरे मामले को केवल आर्थिक तर्कों के आधार पर समझना पर्याप्त नहीं है। वैश्विक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम उस समय उठाया गया है जब भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं तेजी से वैश्विक व्यापार और उत्पादन के केंद्र बन रही हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है और कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत की ओर रुख कर रही हैं। ऐसे समय में अमेरिका द्वारा इस प्रकार की जांच शुरू करना कई विशेषज्ञों को रणनीतिक दबाव की नीति जैसा प्रतीत होता है।

ट्रम्प प्रशासन की यह नीति दरअसल अमेरिका फर्स्ट के उस सिद्धांत से जुड़ी है जिसे ट्रम्प ने अपने राजनीतिक अभियान का आधार बनाया था। उनका मानना रहा है कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था ने अमेरिकी उद्योगों और कामगारों को नुकसान पहुंचाया है। इसी सोच के तहत उन्होंने पहले भी कई देशों पर टैरिफलगाए थे और व्यापारिक समझौतों को दोबारा बातचीत के लिए मजबूर किया था।

लेकिन आलोचकों का कहना है कि यह नीति वैश्विक व्यापार के लिए अस्थिरता पैदा करती है। यदि अमेरिका अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ लगातार टैरिफ का इस्तेमाल करता है तो इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होंगी और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में तनाव बढ़ेगा। इसका असर केवल संबंधित देशों पर ही नहीं बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

भारत के संदर्भ में यह मामला और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार ने वर्ष 2029 तक देश को वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। ऐसे समय में यदि बड़े बाजार भारत के निर्यात पर टैरिफ लगाने लगते हैं तो इससे भारतीय उद्योगों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं।

ह

भारत ने

कूटनी

अब

नहीं

बनने

रहा है।

आधा

नीतियो



में निवेश करने के लिए आकर्षित किया है। इसके अलावा भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भी किए हैं जिससे उसके निर्यात के नए रास्ते खुल रहे हैं।

अमेरिका द्वारा शुरू की गई इस जांच में भारत के अलावा चीन यूरोपीय संघ जापान दक्षिण कोरिया मैक्सिको वियतनाम ताइवान थाईलैंड मलेशिया कंबोडिया सिंगापुर इंडोनेशिया बांग्लादेश स्विट्जरलैंड और नॉर्वे जैसे देश भी शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह कदम केवल किसी एक देश के खिलाफ नहीं बल्कि व्यापक वैश्विक व्यापार ... पर नए टैरिफ लागू कर सकता है। फिर भी कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह पूरी प्रक्रिया वास्तव में दबाव की रणनीति हो सकती है जिसका उद्देश्य व्यापारिक वार्ता में बेहतर शर्तें हासिल करना है। अमेरिका अक्सर इस तरह की जांच और टैरिफ की धमकी का उपयोग अपने व्यापारिक साझेदारों को बातचीत की मेज पर लाने के लिए करता रहा है।

## खेल-खिलाड़ी

# दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी-20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें बुमराह ने कहा कि मैं पर्दे के पीछे नहीं रहना चाहता हूं। मैं हमेशा सक्रिय रूप से भाग लेना चाहता हूं। मुझे शुरू से ही चुनौतियां पसंद हैं। बुमराह को फाइनल में शानदार प्रदर्शन करने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने कहा कि मैंने क्रिकेट इसी मकसद से खेला है। मैंने क्रिकेट खेलना इसी मकसद से शुरू किया था। जब मैं कुछ बदलाव लाता हूं तो मुझे बहुत खुशी मिलती है। इससे बेहतर कोई अहसास नहीं है। गुजरात में जन्में इस तेज गेंदबाज के लिए है।

# जीत के बाद गौतम गंभीर ने भारतीय टीम से कहा...

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल में रविवार को भारतीय टीम ने न्यू जीलैंड को 96 रन से शिकस्ता दी थी। इसके साथ ही टीम इंडिया ने इतिहास रच दिया था। भारतीय टीम ने तीसरी बार टी20 विश्वा कप खिताब जीता था। जीत के बाद हेड कोच गौतम गंभीर ने भारतीय टीम से क्या 2 कहा था, इस बात का खुलासा अब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने किया है।




एक समाचार पत्र से बातचीत में सूर्या ने कहा कि गंभीर ने ट्रॉफी को खिलाड़ियों के सामने रखा और कहा कि यही सबसे महत्वपूर्ण चीज है। भारतीय कोच ने कहा कि अंत में सबसे ज्यादा मायने वही ट्रॉफी रखेंगी जो उन्होंने साथ मिलकर जीती हैं।

सूर्यकुमार ने कहा, गौती भाई ने ट्रॉफी हमारे सामने रखी और कहा, हमारे ड्रेसिंग रूम में सबसे महत्वपूर्ण चीज यही है, बाकी कुछ मायने नहीं रखता। आप कितने रन बनाते हैं, लोग भूल जाएंगे। लेकिन वे इस ट्रॉफी को हमेशा याद रखेंगे। हमें इस बात के लिए याद किया जाएगा कि हमने एक टीम के रूप में कितनी चौंपियनशिप जीती हैं। आप 100 द्विपक्षीय मैच जीत सकते हैं, कोई याद नहीं रखेगा। यही बात हमें प्रेरित करती हैषंभीर मैचों के दौरान हमेशा सीरियस रहते हैं सूर्यकुमार से पूछा गया कि क्या टीम का प्रदर्शन देखकर गंभीर मुस्कुरा रहे थे? स्काई ने कहा, ष्पहले चार मैचों में हमने उन्हें हंसने का मौका ही नहीं दिया, लेकिन उसके बाद मुझे लगता है कि इस टीम को देखकर वे बहुत खुश थे। मुझे नहीं लगता कि भारत में किसी भी टी20 टीम ने कभी इस तरह बल्लेबाजी की है, 250, 256 रन बनाए हैं और लक्ष्य का पीछा भी अच्छे से किया है। मुझे लगता है कि फाइनल के बाद ही वे सबसे ज्यादा मुस्कुराए।

## मां की परछाई

मेरे बचपन की सुबहें
माँ की आवाज से शुरू होती थीं
धीरे-धीरे पुकारती हुई,
जैसे सूरज से भी कह रही हो,
जरा ठहर कर उगना,
मेरी बेटी अभी सो रही है।

वह मेरे बाल संवारती,
रिबन बाँधते हुए
कभी हल्की-सी डाँट भी देती,
और अगले ही पल
अपने आँचल से पसीना पोंछकर
मुस्कुरा देती थी।

मेरे बड़े-बड़े डर
उसके पास पहुँचते ही
कितने छोटे हो जाते थे
जैसे माँ की हथेली में
हर चिंता की जगह
अपने-आप कम पड़ जाती हो।

फिर एक दिन
विवाह के बाद विदाई की घड़ी आई
आँखों में आँसू,
और होंठों पर ढेरों हिदायतें।

अपना ध्यान रखना बेटी
सबका सम्मान करना

कहते-कहते
वह मुझे देर तक
अपनी बाँहों में थामे रही।

उस दिन समझ में आया
कि माँ की गोद से निकलना
कितना कठिन होता है,
और माँ के लिए
बेटी को विदा करना
शायद उससे भी कठिन।

उसके बाद भी
हर त्यौहार, हर खुशी में
सबसे पहले
माँ की ही आवाज आती थी।
फोन के उस पार से
आशीषों की गर्माहट
मेरे घर तक चली आती थी।

लेकिन फिर एक दिन
वह आवाज
सिर्फ स्मृति बनकर रह गई।

अब जब भी
अपने घर के आँगन में खड़ी होती हूँ,
तो लगता हैकृ
माँ कहीं दूर नहीं गई।

वह मेरे हर संस्कार में,
हर दुआ में
और हर आँसू की नमी में
अब भी मेरे साथ है।

शायद माँ का जाना
सिर्फ शरीर का दूर होना है,
क्योंकि उसकी ममता
बेटियों के जीवन में
हमेशा एक शांत, अटूट
परछाई बनकर रहती है।



**लेखिका:**
**प्रतिमा पाठक, दिल्ली**

# चंदौसी में जुम्मे अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण से संपन्न

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद संभल की तहसील चंदौसी में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज और रमजान माह की अलविदा की नमाज कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। नमाज के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

शुक्रवार दोपहर करीब 12:3० बजे जुम्मे की नमाज अदा की गई। इसके बाद दोपहर लगभग 1:3० बजे से 2 बजे के बीच अलविदा की नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजियों ने भाग लिया। चंदौसी की बड़ी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा करने के लिए लोग पहुंचे। नमाज के दौरान चंदौसी कोतवाली पुलिस बल और अन्य सुरक्षा कर्मी पूरी तरह तैनात रहे। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा व्यवस्था की सराहना की और कहा कि पुलिस की मौजूदगी से लोगों में सुरक्षा का विश्वास बना रहा। कुल मिलाकर चंदौसी में जुम्मे और अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।



# मार्च के दूसरे हफ्ते में ही गर्मी बनाने लगी रिकॉर्ड

**देहरादून।** मार्च की शुरुआत से ही गर्मी उत्तराखंड में अपने तेवर दिखा रही है। भले ही बीते कुछ दिनों में मैदानी इलाकों में बादल छाने और पहाड़ों में कोहरे से बारिश का अनुमान लगाया गया लेकिन ऐसा हुआ नहीं और गर्मी ने दूसरे सप्ताह में ही नए रिकॉर्ड बना दिए। बृहस्पतिवार को दून के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री इजाफे के साथ 34.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री बढ़ोतरी के साथ 16.9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि पर्वतीय क्षेत्र मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान भी सामान्य से आठ डिग्री अधिक के साथ 25.1 डिग्री रहा और न्यूनतम सामान्य से पांच डिग्री बढ़ोतरी के साथ 1०.5 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 13 मार्च को भी प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। जिसके चलते अधिकतम के साथ न्यूनतम पारा सामान्य से ऊपर रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें तो 17 मार्च तक प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश होने का अनुमान है। उधर केंद्र की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में लिखा गया कि बीते 24 घंटे में प्रदेश भर के तापमान में बढ़ोतरी हुई। बदरीनाथ धाम की पहाड़ियों पर बृहस्पतिवार को जमकर बर्फबारी हुई। दो दिन पहले भी धाम में बर्फबारी हुई थी। बृहस्पतिवार को जिले में सुबह से मौसम बदला हुआ था। हालांकि निचले इलाकों में बारिश नहीं हुई लेकिन बदरीनाथ की चोटियां बर्फसे सफेद हो गई हैं। बर्फबारी होन की धाम का मौसम खुशनुमा हो गया हैं।



# विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित महिला जनसुनवाई आज विकास भवन सभागार में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने की। जनसुनवाई के दौरान कुल ०5 प्रकरण प्राप्त हुए, जो महिला अपराध, शोषण, दहेज उत्पीड़न, प्रॉपर्टी विवाद, घरेलू हिंसा और बलात्कार से संबंधित थे। सदस्या ने पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि राशन कार्ड बनाने, बच्चों की शिक्षा, न्याय और रोजगार में उनकी पूरी सहायता की जाए। इसके साथ ही, राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से महिलाओं को प्राथमिकता पर जोड़ने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मा सदस्या ने आगनबाडी महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस जनसुनवाई के माध्यम से महिला आयोग की सदस्या ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी पल्लवी सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशीला देवी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह, महिला थाना अध्यक्ष सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।




# डीएम एसपी ने गश्त के दौरान आमजन से किया संवाद

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** जनपद सम्भल में अलविदा जुम्मे की नमाज के अंतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी राजेन्द्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार द्वारा कस्बा सम्भल में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की गई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं मस्जिदों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा तैनात पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान आमजन से संवाद स्थापित करते हुए उनसे आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अलविदा जुम्मे की नमाज के अवसर पर सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया जाए तथा कानून-व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए।

जनपद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, जिससे अलविदा जुम्मे की नमाज सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो सके।



# डीएसएम शुगर मिल ने मंदिरों के लिए बांटीं सौर ऊर्जा लाइट

**हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (प्रशासन) बदायूं।

बाद संख्या D202412070002522 सन 2024

**बेचे सिंह आदि बनाम सुदर्शन सिंह आदि**

बेचे सिंह, अरविन्द कुमार सिंह पुत्रगण श्रीराम सिंह श्रीमती कान्ती देवी पत्नी बेचे सिंह निवासी ग्राम शिकरापुर परगना व तहसील व जिला बदायूं.... वादीगण

**बनाम**

1- सुदर्शन सिंह पुत्र वख्तावर सिंह नि० ग्राम शिकरापुर परगना व तहसील व जिला बदायूं 2-सरकार उ०प्र० द्वारा कलक्टर साहब बदायूं 3-गांव सभा/ग्राम पंचायत शिकरापुर परगना व तहसील व जिला बदायूं द्वारा प्रधान निवासी ग्राम शिकरापुर परगना व तहसील व जिला बदायूं 4-जगदीश पुत्र विशम्बर 5-भगवान देवी पत्नी जगदीश सिंह 6-अश्वनी 7-कृपाल 8-शंकर पुत्रगण जगदीश नि०गण ग्राम चन्दऊ परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं 9-लेखराज सिंह पुत्र गंगा सहाय 1०-सुमिरना देवी पत्नी सुरेश सिंह 11-निरवेश कुमार पुत्र सुरेश सिंह 12-होतम सिंह पुत्र शेर सिंह 13-अनिल कुमार 14-मुकेश सिंह पुत्रगण ज्वाली सिंह 15-सौरभ पटेल पुत्र वेदपाल सिंह 16-गौरव पटेल पुत्र देवेन्द्र सिंह उर्फ देवपाल सिंह 17-सुधा पत्नी देवेन्द्र सिंह उर्फ देवपाल सिंह 18-ओमकार सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह 19-धर्मेन्द्र सिंह उर्फ जगदीश सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह 2०-मनोहर सिंह पुत्र भोले सिंह निवासीगण ग्राम शिकरापुर परगना व तहसील व जिला बदायूं ...........प्रतिवादीगण

चूंकि उपरनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है धारा 3० उ.प्र.रा.सं. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 19-०3-2०26 ई. पूर्वान्ह 1० बजे स्वयं या सम्यक रूपेणा अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जावेगा अवधारित किया जायेगा।

आज दिनांक 1०-०3-2०26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
पेशकार
न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (प्रशासन) बदायूं।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना साधारण प्रारूप**

न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (प्रशासन) बदायूं।

बाद संख्या

**रजित कुमार सिंह आदि बनाम मोहनलाल आदि**

रजित कुमार सिंह पुत्र सत्येन्द्र सिंह मचकेन्द्र सिंह पुत्र जगपाल कल्याण, रिशीपाल पुत्रगण मलखान सिंह, धीरेन्द्र सिंह पुत्र मोहनलाल सिंह निवासीगण ग्राम जमरौली परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं .... वादीगण

**बनाम**

1- लीलाधर वर्मा पुत्र सुम्मेर सिंह 2-रमेश पाल 3-प्रेम कुमार 4-अनिल कुमार 5-कृपाल 6-वीरेन्द्र सिंह पुत्रगण लीलाधर निवासीगण ग्राम जमरौली परगना उझानी तहसील व जिला बदायूं ..........प्रतिवादीगण

चूंकि उपरनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है धारा 3० उ.प्र.रा.सं. अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 24-०3-2०26 ई. पूर्वान्ह 1० बजे स्वयं या सम्यक रूपेणा अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा न करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जावेगा अवधारित किया जायेगा।

आज दिनांक 1०-०3-2०26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत के जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
पेशकार
न्यायालय श्रीमान अपर जिला कलेक्टर (प्रशासन) बदायूं।

# महिलाओं के बीच पहुंचने के लिए भाजपा ने बनाया कीर्तन-नवरात्र प्लान

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए खास कीर्तन-नवरात्र प्लान तैयार किया है। संगठन ने महिला मोर्चा को इस प्लान को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी सौंप दी है। अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा की नजर युवाओं के अलावा महिला मतदाताओं पर भी है। आंकड़ों के हिसाब से देखें तो जनवरी में प्रदेश में 84,29,459 मतदाताओं में से 4०,64,488 महिला मतदाता हैं। 2०22 के विधानसभा चुनाव में भी महिला मतदाताओं ने भाजपा को रिकॉर्ड जीत तक पहुंचने में अहम किरदार अदा किया था। लिहाजा, संगठन ने 2०27 के विधानसभा चुनाव के लिए भी महिला मतदाताओं पर मजबूत पकड़ बनाने पर जोर लगाया है। इसके लिए महिला मोर्चा को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि मंडल स्तर तक होने वाली कीर्तन मंडल में मोर्चा शामिल होगा। महिलाओं के बीच कीर्तन का आनंद लेने के साथ ही सरकार की उपलब्धियां और सेवाएं पहुंचाएगी। इसी प्रकार, नवरात्र के हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उधर, हरियाली तीज को भी भाजपा, महिलाओं के साथ मिलकर मनाएगी।

यह कार्यक्रम भी मंडल स्तर तक होंगे। इस बार विधानसभा में जो बजट मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पेश किया, उसमें भी महिलाओं की योजनाओं से संबंधित जेंडर बजट बढ़ाया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में धामी सरकार ने जेंडर बजट में 2423 करोड़ की बढ़ोतरी करते हुए 16,961.32 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था। इस साल इसमें 273० करोड़ की और बढ़ोतरी करते हुए 19,692.०2 करोड़ का प्रावधान कर दिया गया है। इस बजट में न केवल महिलाओं की सुरक्षा का ख्याल रखा गया बल्कि उनके विकास, पोषण का भी खास ख्याल रखा गया है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महिला मोर्चा को त्योहारों की विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। मोर्चा पदाधिकारी उसी हिसाब से मंडल स्तर तक इन कार्यक्रमों में शामिल होंगी। मकसद है कि सरकार ने जितने कल्याण के काम किए हैं, वह सही तरीके से महिलाओं तक पहुंचें।



# समाजसेवी महिलाओं ने एसडीएम को किया सम्मानित

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** शुक्रवार को समाजसेवी महिलाएं एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय पहुंची जिसमें अपना दल एस महिला मंच की जिला अध्यक्ष बबीता भारद्वाज ने अपनी महिला टीम के साथ जाकर नई एसडीएम निधि पटेल संभल को दुपट्टा पहनकर प्रहलाद नगरी जन कल्याण समिति की तस्वीर व रामचरितमानस की पुस्तक देकर सम्मानित किया।

और संभल हल्लू सराय वार्ड नंबर-6 छोटा हसनपुर रोड ग्राम सभा की जमीन पर पार्क का निर्माण के लिए एवं उसका सौंदर्यकरण को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहां गया कि काफी समय से इस पार्क का सौंदर्य करण नहीं हो पाया है और गर्मी का मौसम शुरू हो गया है जिससे पार्क में गंदगी के कारण जहरीले मच्छर उत्पन्न होने की संभावना है इसलिए पार्क का सौंदर्य करण हो जाएगा तो गर्मी में होने वाली बीमारियों से आम जनता को बचाया जा सकता है इस अवसर पर सुनीता शर्मा, सुमनलता शर्मा, रेखा शर्मा, शिवांशु, आदि उपस्थित रहे।



# सिलिंडर ना मिलने पर होटल और रेस्टोरेंट के संचालन पर संकट

**उत्तराखंड।** व्यावसायिक सिलिंडर न मिलने से होटल-रेस्टोरेंट संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में अब होटल-रेस्टोरेंट संचालक भी इंडक्शन के भरोसे हैं। कई संचालकों ने इंडक्शन चूल्हे मंगा लिए हैं, जबकि कुछ ने इसकी तैयारी कर रखी है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर देहरादून में रसोई गैस आपूर्ति पर गहराने लगा है। यही कारण है कि फिलहाल प्रशासन ने व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। इससे घरेलू गैस की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

इससे राहत के लिए होटल-रेस्टोरेंट संचालकों ने इंडक्शन के इस्तेमाल की तैयारी की है। व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति नहीं हो रही है। जितना स्टॉक है वो भी कम होता जा रहा है। अगर स्थिति यही रही तो समस्या होगी। ऐसे में अब इंडक्शन चूल्हों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। व्यावसायिक सिलिंडर न मिलने से फिलहाल होटल में स्थिति सामान्य है लेकिन ज्यादा दिन तक स्टॉक नहीं चल पाएगा। ऐसे में परेशानियों का सामना करना होगा। व्यावसायिक सिलिंडर की आपूर्ति जल्द शुरू होनी चाहिए।




# ओडिशा भेजा जाएगा यूपी का आलू

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**संभल।** उत्तर प्रदेश सरकार के म राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात, दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार, मुरादाबाद में एक महत्वपूर्ण क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वर्तमान सत्र में आलू की उपज के समुचित भंडारण, बेहतर बाजार मूल्य और सुलभ विपणन सुनिश्चित कर किसानों के हितों की रक्षा करना रहा। इस सम्मेलन में मुरादाबाद, बरेली, मेरठ एवं सहारनपुर मंडलों के अंतर्गत आने वाले 17 जनपदों (मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर, रामपुर, संभल, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, शामली एवं मुजफ्फरनगर) के प्रमुख शीतगृह स्वामियों, आलू उत्पादकों, व्यापारियों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्री ने जानकारी दी कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु ओडिशा सरकार से वार्ता की जा चुकी है। अब उत्तर प्रदेश का आलू ओडिशा के बाजारों में भेजा जाएगा। प्रदेश स्तर पर जल्द ही श्कृषि निर्यात बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिसमें संभल के एफ्पीओ निदेशक दीपक शर्मा को भी शामिल किया जाएगा। प्रगतिशील किसान कुलवीर सिंह चहल ने रसायनों के अत्यधिक उपयोग से गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव का मुद्दा उठाया, जिस पर मंत्री ने रसायनों का उपयोग कम करने और गुणवत्ता सुधारने पर बल दिया।सम्मेलन के दौरान जिला उद्यान अधिकारी सौरभ बंसल ने बताया कि जनपद संभल द्वारा आलू की 15 विभिन्न किस्मों का प्रदर्शन किया गया। उत्कृष्ट कार्य हेतु मंत्री द्वारा संभल के विकास अग्रवाल एवं दीपक शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। कृषि विपणन निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि मंत्री को अवगत कराया गया है कि वर्तमान में बाजार में अधिक आवक के कारण किसानों को कम मूल्य प्राप्त हो रहा है, जिसे सुधारने हेतु निर्यात और अंतरराज्यीय व्यापार के प्रयास तेज किए गए हैं। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त एवं डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, विधायक रितेश कुमार गुप्ता एवं विधायक ठाकुर रामवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह, जिला अध्यक्ष आकाश पाल सहित उद्यान, कृषि विपणन और मण्डी समिति के अधिकारी उपस्थित रहे।



# श्याम कीर्तन एवं निशान यात्रा तैयारी जोर शोर पर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** श्री खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा 15-16 मार्च को निकलनी वाली निशान यात्रा व श्याम कीर्तन की तैयारी को लेकर एक पत्रकार वार्ता का आयोजन मैरिस रोड स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम के संबंध में समिति की अध्यक्ष विशाल गर्ग ने बताया कि निशान यात्रा व श्याम कीर्तन की सभी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। उन्होने बताया कि निशान यात्रा का शुभारंभ रामघाट रोड मीनाक्षी पुल स्थित इमली वाली गली से होगा। जहां प्रथम बाबा की आरती संपंन्न की जाएगी। विशाल गर्ग ने बताया कि अनुमान है कि अधिकांश श्याम प्रेमी पीले वस्त्रो शामिल होने का अनुमान है। जो करीब 8 किलो मीटर की पद यात्रा करते हुए मीनाक्षी पुल से क्लश बैक्केट ताला नगरी तक बाबा का निशान लेकर पहुंचेंगे और सभी श्रद्धालुओं के हाथों में समिति के फ़िरोजी रंग के विशेष निशान होंगे। उन्होने बताया कि निशान यात्रा हेतु रामघाट रोड पर 21 स्वागत द्वार बनाये गये। 16 मार्च को क्लश बैकट, ताला नगरी में श्याम सर्कीतन का आयोजन किया जाएगा। गुरूग्राम से आने वाली टीम द्वारा श्रद्वालुओं की सेवा हेतु 10,000 जोडी चरण पादुका की जा रही है। कार्यक्रम समिति की विशेष डेऊ्स में 450 महिला-पुरूष सेवा में तैनात रहेंगे। 16 मार्च को समस्तीपुर बिहार, की भजन प्रभाहिका रेशमी शर्मा द्वारा भजन का कार्यक्रम होगा।



# रमजान के आख़री जुमे की नमाज अदा की

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मुकद्दस रमजान के आख़री जुमे पर अदा की जाने वाली पारंपरिक जुमा अलविदा की नमाज जामा मस्जिद ऊपरकोट, जमालपुर ईदगाह, जीवनगढ़ ईदगाह सहित शहर की सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में शांतिपूर्ण व बेहतर नगर निगम इंतजामों के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर शुक्रवार को जुमा अलविदा को देखते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने प्रात:काल ही अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम के निर्माण विभाग, सफाई विभाग, प्रकाश (लाइट) विभाग, जलकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा आवारा पशुओं को पकड़ने वाली टीमों को जामा मस्जिद, जीवनगढ़, जमालपुर, शाहजमाल, मेडिकल रोड, दोदपुर, सराय रहमान, ख्वाजा चौक आदि क्षेत्रों में भेजकर नमाज से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराईं।

नगर निगम द्वारा जुमा अलविदा को ध्यान में रखते हुए एंटी-स्मॉग गन के माध्यम से शाहजमाल ईदगाह तथा ईदगाह को आने-जाने वाले मार्गों पर वॉटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव कराया गया। इससे नमाजियों को धूल व गर्मी से राहत मिली तथा आवागमन सुगम रहा। सेक्टर-01 ऊपरकोट में सेक्टर प्रभारी वीर सिंह (सहायक नगर आयुक्त), सेक्टर-02 सब्जी मंडी क्षेत्र में सेक्टर प्रभारी अमित कुमार (उप नगर आयुक्त), सेक्टर-03 जमालपुर ईदगाह क्षेत्र में सेक्टर प्रभारी विजेंद्र पाल (अधिशासी अभियंता) तथा सेक्टर-04 में सेक्टर प्रभारी आशीष सेठ (कर निर्धारण अधिकारी) के नेतृत्व में नगर निगम के लगभग 1000 सफाई कर्मचारियों की 80 टीमें नमाज संपन्न होने तक विभिन्न मस्जिदों तथा जामा मस्जिद ऊपरकोट, जमालपुर एवं जीवनगढ़ ईदगाह के आसपास तैनात रहीं। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि गंगा-जमुनी तहजीब के शहर अलीगढ़ में रमजान के आखरी जुमे की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में नगर निगम के बेहतर इंतजामों के साथ संपन्न हुई है।



# जुमा अलविदा की नमाज के दौरान ड्रोन से रखी गई नजर

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी जुमा अलविदा के मौके पर शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। शहर की ऊपरकोट स्थित जामा मस्जिद से लेकर जामा मस्जिद तक नमाज हुई। इसमें मुल्क में अमन-चौन और भाईचारे की दुआ मांगी गई।

ऊपरकोट स्थित जामा मस्जिद, शाहजमाल और संवेदनशील इलाकों में आरएएफ और पीएसी की टुकड़ियां तैनात रहीं। शहर के मुख्य चौराहों और मस्जिदों के ऊपर ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। पुलिस कंट्रोल रूम से सीधे सीसीटीवी से मॉनिटरिंग की गई। शासन के निर्देशों का पालन करते हुए नमाजियों ने मस्जिद परिसर के अंदर ही इबादत की। प्रशासन ने पहले ही साफ कर दिया था कि यातायात प्रभावित नहीं होना चाहिए। अलीगढ़ में छोटी-बड़ी 200 से ज्यादा मस्जिदें हैं, जिनमें से करीब 50 मस्जिदों में बड़ी संख्या में भीड़ जमा हुई। अलीगढ़ की ऐतिहासिक जामा मस्जिद ऊपरकोट में नमाज का मुख्य मंजर दिखा। 1728 में बनी इस ऐतिहासिक इबादतगाह में सुबह से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था। नमाज के बाद इमाम ने देश की उन्नति और आपसी सौहार्द बनाए रखने की विशेष दुआ कराई।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की जामा मस्जिद में भी हजारों छात्रों और स्थानीय लोगों ने नमाज अदा की। यहां यूनिवर्सिटी प्रशासन और प्रॉक्टर टीम ने सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग किया। नमाज के दौरान एसएसपी नीरज कुमार जादौन खुद सड़कों पर नजर आए। उन्होंने अकीदमंदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कहा कि शहर में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज हुई है।



# अपर जिलाधिकारी राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**कासगंज।** अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) मंजूर अहमद ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में कर करेत्तर, वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, नगर पालिका, नगर पंचायत, वन विभाग, खनन, कृषि, विपणन, मण्डी समिति द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करें। स्टाम्प वाद, अविवादित विरासत, दाखिल खारिज, तालाब, आवासीय भूमि, कृषि भूमि, वृक्षारोपण, खनन आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## सार-संक्षेप

### सदस्य महिला आयोग मीना कुमारी ने की जनसुनवाई

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा० सदस्य श्रीमती मीना कुमारी ने शुक्रवार को लोक निर्माण अतिथि गृह में आयोजित जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद एवं अन्य मामलों से संबंधित कुल 18 शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान चार प्रकरणों पर आपसी संवाद एवं सहयोग से मा० सदस्य द्वारा समाधान निकाल कर हल कराया गया। इस दौरान पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों एवं थानों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान सर्वाधिक मामले घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक विवाद से संबंधित रहे, जिनमें क्वार्सी, इगलास, गांधी पार्क, अकराबाद, जवां, छर्रा, कासगंज तथा अतरौली क्षेत्रों से आए दंपतियों द्वारा अपनी शिकायतें प्रस्तुत की गईं। आयोग की सदस्य ने दोनों पक्षों की बात सुनते हुए संबंधित थानों को निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त एक प्रकरण में शिकायतकर्ता ने अपने एवं अपने पति के विरुद्ध की गई कथित अनुचित कानूनी कार्रवाई के संबंध में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य मामले में एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना के संबंध में जानकारी दी गई, जिस पर थाना सिविल लाइन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। एक अन्य शिकायत में एक महिला ने अपने पति की हत्या के मामले में न्याय दिलाए जाने की मांग की, जिस पर थाना गंगीरी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

वहीं एक अन्य मामले में एक छात्रा के साथ विद्यालय में मारपीट की शिकायत पर, पूर्व में दर्ज एफआईआर के आधार पर बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एक अन्य शिकायत में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना पर थाना महुआखेड़ा को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वहीं एक अन्य प्रकरण में पड़ोसी द्वारा लगातार परेशान किए जाने की शिकायत पर थाना हरदुआगंज को मामले की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

### आगरा रेंज आगरा द्वारा शुक्रवार परेड की ली सलामी

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा द्वारा जनपद के वार्षिक निरीक्षण के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में शुक्रवार परेड़ की सलामी ली गयी। पुलिस लाइन में यातायात की टोली, पुलिस कार्यालय की टोली, महिला टोली एवं जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त रिक्रेट आरक्षियों की टोलियों द्वारा मंच से गुजरते हुए महोदय को भव्य परेड़ की सलामी दी गयी। परेड़ का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा किया गया। महोदय द्वारा परेड़ का निरीक्षण करते हुए रिक्रूट आरक्षियों की टोलीवार ड्रिल का बारीकि से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, महोदय द्वारा पुलिस लाइन में वृक्षारोपण करते हुए पुलिस लाइन में नवीनीकृत आदर्श बैरक नम्बर 01 को लोकापर्ण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभी इकाइयों परिवहन शाखा, रेडियो शाखा, बैरक, भोजनालय, कैंटीन, आटा चक्की, लाइब्रेरी, आरटीसी कम्प्यूटर लैब, क्वार्टर गार्द, आर्म्स वर्क शॉप, स्टोर, डीएफएमडी कक्ष, कैश कार्यालय, कैंटीन आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में रिक्रूट आरक्षियों व अन्य पुलिस कर्मचारियों संग सैनिक सम्मेलन का आयोजन करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स संग मीटिंग आयोजित कर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में जानकर तत्समय निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# जिलाधिकारी के साथ गैस मालिकों की बैठक का आयोजन

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** ईरान-अमेरिका के मध्य उपजे तनाव के कारण संभावित गैस संकट की अटकलों को देखते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपर जिलाधिकारी विशु राजा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सहित जनपद के सभी गैस एजेंसी मालिकों और उप जिलाधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक उच्च स्तरीय आपात बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, आपूर्ति श्रृंखला निरंतर गतिमान है, गैस एजेंसी मालिक पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर यह सूचना प्रसारित करें, कि गैस आपूर्ति सामान्य है, जनपद में गैस की कोई कमी नहीं है, किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रम में कदापि न आए, जिलाधिकारी ने सख्त शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि इस संवेदनशील समय को कोई भी एजेंसी पैसा कमाने का माध्यम न बनाएं, यदि कालाबाजारी या निर्धारित मानक से कम गैस देने की शिकायत मिली तो, संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से भ्रम फैलाने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि यदि एजेंसी पर भीड़ बढ़ती है, तो नागरिकों की सुविधा हेतु पेयजल और शैड की सुविधा अनिवार्य रूप से की जाए, जनता को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने फिरोजाबाद गहरा सर्विस, जयनारायण गैस सर्विस, यश बाबा पीतांबरा और नसीरपुर इंण्डेन गैस सर्विस सहित अन्य प्रमुख एजेंसियों से संवाद किया, साथ ही बैठक में अनुपस्थित रहने वाले गैस एजेंसियों के मालिकों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए, गैस एजेंसीयों पर किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए जिलाधिकारी ने सेक्टर, स्टैटिक और जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की है।



# गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए उमड़ी भीड़

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जट्टारी कस्बे में नव इंद्र गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी की अफवाह फैलते ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते एजेंसी के बाहर लंबी कतार लग गई और सिलेंडर लेने की होड़ में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि एजेंसी प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि गैस सिलेंडर की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।

शुक्रवार सुबह अचानक यह खबर फैल गई कि गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो रही है और बुकिंग में दिक्कत आ रही है। इस खबर के फैलते ही उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ गई। लोग तुरंत सिलेंडर लेने के लिए नव इंद्र गैस एजेंसी की ओर दौड़ पड़े, जिससे कुछ ही देर में वहां बड़ी भीड़ जमा हो गई। एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई लोग अपने खाली सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े रहे। भीड़ बढ़ने के कारण एजेंसी परिसर और आसपास के इलाके में भी काफी चहल-पहल रही। भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर सिलेंडर लेने को लेकर लोगों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति भी बन गई।




# अलीगढ़ कमिश्नर ने लिखी पुस्तक वॉकिंग विद विंग्स

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मंडल की प्राकृतिक सुंदरता और पक्षियों के कलरव को अब एक नई पहचान मिल गई है। मंडलायुक्त संगीता सिंह द्वारा अलीगढ़ मंडल के पक्षी जीवन और वेटलैंड एरिया पर लिखी गई पुस्तक वॉकिंग विद विंग्स एंड ए कैमरा, एनकाउंटर्स विद बर्ड्स ऑफ अलीगढ़ का विमोचन 12 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किया।

मंडलायुक्त संगीता सिंह ने अपनी इस पुस्तक के माध्यम से अलीगढ़ की उन प्राकृतिक धरोहरों को दुनिया के सामने रखा है, जो अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती हैं। पुस्तक में शेखा झील और पटना पक्षी विहार आने वाले विदेशी और स्थानीय प्रवासी पक्षियों के प्रवास चक्र की विस्तृत जानकारी दी गई है। मंडलायुक्त ने बताया कि इस पुस्तक को लिखने का मुख्य उद्देश्य जैव-विविधता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है।



# अलविदा जुमे की नमाज प्रमुख मस्जिदों सहित पूरे जनपद में अकीदत के साथ अदा की

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**फिरोजाबाद।** जनपद में सुबह से ही मुस्लिम समाज के बुजुर्ग नौजवान बच्चे महिलाएं युवतियां सभी रोजेदार रमजान के आखरी जुमे अलविदा की तैयारी करते रहें। फिर अलविदा जुमे की नमाज नगर की मस्जिदों में 12:30 बजे से लेकर 2:45 तक अदा की गई।

इस मौके पर घरों में महिलाओं युवतियां ने नमाज अदा की. नमाज के बाद मस्जिदों और घरों में मुल्क की तरक्की के लिएअमन चौन प्यार मोहब्बत भाईचारे के लिए दुआएं की गई. अलविदा जुमे की नमाज प्रमुख जामा मस्जिद, शाही मस्जिद, सहित आगा साहब मस्जिद, मेवा फरोशान मस्जिद, सहित शहर व देहात मस्जिदों में अमन चौन प्यार मोहब्बत के साथ संपन्न हुई,जिलाधिकारी रवि रंजन जी ध् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित जी के निर्देशन में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी सुबह से ही व्यवस्थाओं को देखते रहेजिलाधिकारी महोदय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय पल-पल की जानकारी लेते रहे और दिशा निर्देश देते रहेइसलिए प्रशासन पुलिस प्रशासन सुबह से ही व्यवस्थाओं को गंभीरता से जनपद में देख रहा था, जिलाधिकारी रमेश रंजन जी ने बताया कि त्योहारों को लेकर नगर निगम, विद्युत विभाग और संबंधित विभागों को निर्देशित कर दिया है अच्छी व्यवस्थाओं के साथ त्योहार को संपन्न करवाएं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित जी ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न करना हमारी जिम्मेदारी है किसी भी त्यौहार पर चूक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता को कोई भी समस्या होने पर तुरंत पुलिस की सहायता ले 112 चौकी व थाने से संपर्क करें आपकी समस्याओं को सुनकर प्रमुखता से समाधान किया जाएगा, अफवाहों पर ध्यानप ना दें। सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने से बचें ताकि कानूनी परेशानी ना हो रमजान, अलविदा जुमा नवरात्रि,और ईद के त्योहारों को मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ मनाएं, नगर पुलिस अधीक्षक रवि शंकर प्रसाद, सुबह से ही सभी अधिकारियों के साथ भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं को चेक करते रहे, साथ में नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पांडे , सीओ सिटी प्रवीण कुमार तिवारी, एलआईयू प्रभारी प्रेमपाल सिंह, सभी थाना प्रभारी थाना उत्तर प्रभारी अनीजेश कुमार सिंह, करबला कमेटी अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान, जामा मस्जिद के सेक्रेटरी सूफी जमील नासिर अबरारी, सहित अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे, करबला कमेटी के अध्यक्ष हिकमत उल्ला खान ने कहा के आज अलविदा जुमे की नमाज सुकून शांति दुआ के साथ संपन्न हुई, विद्युत विभाग नगर निगम साफ सफाई को सभी लोगों ने अपनी जिम्मेदारी से निभाया, हिकमत उल्ला खान ने जिलाधिकारी महोदय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय और उनकी पूरी टीम का बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए शुक्रिया अदा किया, ईद 20 या 21 को चंद्र दर्शन के अनुसार होगी इसलिए धर्म गुरुओं ने यह ऐलान किया के इस जुमे को ही अलविदा जुमा मानकर ही नमाज अदा की जाए चांद की तारीख में कुछ फेरबदल होता है तो अगर ईद 21 मार्च की होती है तो 20 मार्च को जुमा और चांद रात एक साथ हो सकते हैं।



# इफ्तार पार्टी में शामिल हुए आजाद समाज पार्टी काशीराम के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी

**कार्यक्रम में इंसानियत/एकता की मिसाल बने कोटद्वार निवासी मो. दीपक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई**





अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद। रमजान मुबारक के पाक महीने के चलते रोजा इफ्तारी का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है जिसमें भारी संख्या में रोजेदार शिरकत कर रहे हैं वहीं जानी-मानी हस्तियां भी रोजा इफ्तार पार्टियों में अपनी शिरकत दर्ज कर रही है।

**अल्लाह की रजा के लिए करें दिल से इबादतः चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी**

होटल इंद्रलोक में सोनू भाई की ओर से एक शानदार रोज अवतार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व साहनपुर नगर पंचायत के लोकप्रिय चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी शामिल हुए। इस अवसर पर बोलते हुए आजाद समाज पार्टी काशीराम के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व सहानपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि सभी मुस्लिम भाई अल्लाह की रजा के लिए पूरे रमजान रोजा नमाज तराबियों का एहतराम करते हैं यह बहुत खुशी की बात है। इस मौके पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का खूबसूरत माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में इंसानियत/एकता की मिसाल बने कोटद्वार निवासी मो. दीपक ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मोहम्मद दीपक कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं।

# बिजनौर में गूंजा शिक्षा सुधार का मुद्दा, निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलने देगे: जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी

**▶▶शिक्षा माफिया पर गरजे शैलेन्द्र चौधरी ▶▶महंगी किताबों का खेल बंद हो, एफआईआर की उठी मांग**



नगीना(अमर भास्कर ब्यूरो)। जनपद में अपना दल (एस) के जिला कैम्प कार्यालय पर महान समाज सुधारक शिव दयाल चौरसिया जी की जयंती के अवसर पर बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी (एडवोकेट) ने कहा कि शिव दयाल चौरसिया जी का जीवन समाज में शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। शैलेन्द्र चौधरी ने निजी स्कूलों में महंगी प्राइवेट किताबें और बिना पक्के बिल के



किताबें बेचने की बढ़ती प्रवृत्ति पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह अभिभावकों का आर्थिक शोषण है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि ऐसे स्कूलों और किताब बेचने वालों के खिलाफ सख्त नियम लागू कर जरूरत पड़ने पर एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था पारदर्शी और न्यायपूर्ण बन सके। बैठक में वकील अहमद, किशोर कुमार (जिला अध्यक्ष एससी/एसटी मंच), दलचंद, हनीफ मुन्ना, अभिषेक, अकरम, नासिर, कुलदीप, हिमांशु, अनुराधा देसवाल, अजीत चौधरी, राजीव राठी, उपासना, अमन सिंह, सत्यम सहित युवा मोर्चा की टीम मौजूद रही।

# लंबित पड़ी चांदपुर-धनौरा मार्ग में गिरकर हो रहे घायल, शिवसेना ने डीएम को दिया ज्ञापन



अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह/ युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता ने लोक निर्माण विभाग द्वारा 32/33 महीने से लंबित पड़ी चांदपुर धनौरा मार्ग सड़क निर्माण कार्य जो कि दोनों ओर तीन-तीन फीट गहरी खुदी हुई है जिसमें अब तक न जाने कितनी दुर्घटनाएं हो चुकी जिसे लेकर जिला अधिकारी के समक्ष शिकायत रखी गई और शिकायत पत्र की प्रतिलिपि सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार, माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, एवं लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेषित की गई है। यदि लोग निर्माण विभाग द्वारा शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य को पूरा नहीं किया गया चांदपुर धनोरा मार्ग पर ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। क्योंकि अब किसी दुर्घटना को नहीं होने दिया जाएगा। 11 मार्च को ही एक नौजवान ने इस अधूरे सड़क निर्माण के गड्ढे में गिरकर अपनी जान दी है और अब तक न जाने कितनी जान चली गई यह लापरवाही लोक निर्माण विभाग द्वारा की जा रही है जिसे शिवसेना कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

**जनहित में शीघ्र किया जाए लबित सड़क का निर्माण जिला प्रमुख वीर सिंह चौधरी**

# सम्मान: मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने किया अमीर नहटौरी को सम्मानित



बिजनौर(अमर भास्कर ब्यूरो)। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण शान्तिपूर्ण एवं समयबद्ध अवधि में सम्पन्न कराने तथा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने पर बिजनौर में सम्पन्न हुए एसआईआर कार्य अनुभव पर संवाद हेतु आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के करकमलो द्वारा वान्या सिंह अपर जिलाधिकारी, जसजीत कौर जिलाधिकारी, एसडीएम रीतू रानी की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस से पूर्व भी कई बार अमीर नहटौरी को मतदाता विशेष पुनरीक्षण स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं समयबद्ध अवधि में सम्पन्न कराने और उत्कृष्ट, सराहनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया जा चुका है। अमीर नहटौरी एक शिक्षक ही नहीं जनपद बिजनौर के सुप्रसिद्ध शायर व अदीब भी हैं। अमीर नहटौरी को जनपद बिजनौर से एक मात्र उत्कृष्ट बीएलओ के रूप में चयनित होकर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बीएलओ का प्रशिक्षण लेने हेतु लखनऊ भी भेजा गया था और अमीर नहटौरी ने निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से विशेष रूप से वार्ता की थी। उक्त प्रशस्ति पत्र मिलने पर मिलने पर अमीर नहटौरी का कहना है कि यह सम्मान मेरे लिए ही नहीं जनपद के लिए गर्व की बात है।

# जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन



अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद बिजनौर में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न खेलों की जनपद स्तरीय जूनियर वर्ग (बालक/बालिका) प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला खेल कार्यालय बिजनौर द्वारा किया जा रहा है। यह प्रतियोगिताएं विभिन्न तिथियों में आयोजित होंगी, जिनमें जनपद के खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिला खेल कार्यालय से जनपद के क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि बैडमिंटन तथा शूटिंग प्रतियोगिताएं 14 मार्च 2026 को आयोजित होंगी। वहीं वालीबॉल, हैंडबाल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हॉकी तथा भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं 17 मार्च 2026 को संपन्न कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स, कबड्डी तथा कुश्ती प्रतियोगिताएं 18 मार्च 2026 को आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथियों पर प्रभारी से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन हेतु विभिन्न खेलों के प्रभारी अधिकारियों एवं संघ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला खेल अधिकारी राजकुमार ने जनपद के सभी खिलाड़ियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करें तथा जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन करें।

**खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर करे जनपद का नाम प्रदेश स्तर पर रोशनः क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार**

# अवध शुगर मिल में 15 मार्च को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का होगा आयोजन

**मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल के कुशल एवं अनुभवी और वरिष्ठ चिकित्सक करेंगे चिकित्सा शिविर में मरीजों की जांच**



अमर भास्कर ब्यूरो

स्योहारा। बिरला ग्रुप की जानी-मानी शुगर मिल यूनिट स्योहारा की डिस्पेंसरी में मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल के चिकित्सकों के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिरला ग्रुप की अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट के अधिशासी अध्यक्ष चौधरी सुखबीर सिंह की ओर से जानकारी दी गई की 15 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे से मिल क्षेत्र के रोगियों के लिए शुगर मिल की डिस्पेंसरी में मुरादाबाद के मशहूर सिद्ध अस्पताल के सहयोग से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य रूप से दिल ,दिमाग और पेट की जांच सिद्ध हॉस्पिटल मुरादाबाद के कुशल एवं अनुभवी तथा वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्कजांच की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति अपनी जांच कराने के लिए 15 मार्च को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक अपना पंजीकरण कर ले। चिकित्सा परीक्षण शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा उपरोक्त शिविर में ज्यादा से ज्यादा रोगी उपस्थित होकर लाभ उठाएं और चिकित्सा शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें। शुगर मिल में लगने वाले चिकित्सा शिविर में सिद्ध अस्पताल के मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ अनुराग महरोत्रा, डॉक्टर सिद्धार्थ (गैस्ट्रो सर्जन), डॉक्टर अंकुर( न्यूरो सर्जन), डॉक्टर नेहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर स्तुति (बाल रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर मोहित टंडन (गुर्दा रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर स्वाति (फेफड़ा रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर मौहम्मद इमरान (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर सुहैल( यूरो सर्जन) आदि उपस्थित होकर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

# जुमा नमाज़ शांतिपूर्वक संपन्न, चेयरपर्सन पुत्र शाहनवाज खलील ने दी मुबारकबाद

**नगीना के अवाम के लिए उनके दरवाजे हर वक्त खुले, लोगों की खिदमत करने के लिए हर वक्त तैयार**




अमर भास्कर ब्यूरो

नगीना। नगीना में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। नमाज के बाद जामा मस्जिद पर चेयर पर्सन पुत्र शाहनवाज खलील ने लोगों को गले लगा कर जुमे की नमाज की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज बड़ा मुबारक दिन है हमें हमेशा लोगों की भलाई करनी चाहिए। नगीना के लोगों का प्यार ही उनकी असली ताकत है। आज वह जिस लायक भी है सब नगीना के आवाम की बदौलत है। नगीना के अवाम के लिए उनके दरवाजे हर वक्त खुले हैं वह जिस लायक भी हैं लोगों की खिदमत करने के लिए तैयार हैं। इस मौके पर जमशेद ठेकेदार, जुबेर जैदी, गुड्डू भाई, तफसीर अहमद, शददन ठेकेदार, सददीक मुल्तानी, आलमगीर खलीफा, अंजार सैफी, आदि मौजूद रहे।

# गैस-पेट्रोल-डीजल की नहीं है कोई कमी, अफवाहों पर न दे ध्यान: डीएम जसजीत कौर



अमर भास्कर ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि गैस सिलेण्डर की किल्लत एवं पेट्रोल/डीजल की कमी का समाचार प्रसारित हो रहा है, जोकि पूरी तरह अफवाह पर आधारित है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि वर्तमान में सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से घरेलू पदार्थों का रिजर्व स्टॉक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वर्तमान में बेबुनियाद अफवाहों पर उपभोक्ताओं द्वारा अधिक बुकिंग करने से सर्वर पर अधिक लोड होने के कारण गैस बुकिंग में समस्या आ रही है, जिसे ठीक कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की बुकिंग की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है, जिसके अंतर्गत दो सिलेंडर की बुकिंग के बीच 25 दिन का अंतराल निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में किसी भी अवैध भंडारण एवं जमाखोरी अथवा कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए आपूर्ति विभाग द्वारा निरंतर टीमों के माध्यम से जांच की जा रही है। प्रश्नगत स्थिति पर गंभीरता से प्रशासन के द्वारा नजर रखी जा रही है तथा तेल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के द्वारा पहले की अपेक्षा सप्लाई में बढ़ोतरी की सूचना दी गई है। उन्होंने आमजन का आह्वान किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दे, जिले में गैस एवं पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी नहीं है। यदि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या किसी उपभोक्ता को आती है तो वह जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय, बिजनौर के मो. नं. 7839564755 पर सूचित करें। आप की समस्या का तत्काल नियमानुसार समाधान किया जायेगा।

# व्यापारी का रुपये से भरा थैला गिरा, पुलिस की तत्परता से मिली पूरी रकम



अमर भास्कर ब्यूरो

धामपुर। धामपुर से शेरकोट जा रहे एक व्यापारी का 1 लाख 30 हजार रुपये से भरा थैला जैतरा रेलवे क्रॉसिंग के पास गिर गया। सूचना मिलने पर जैतरा पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल शराफत अली ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज की मदद से थैला ले जाने वाले व्यक्ति का पता लगाकर पूरी रकम व्यापारी को वापस दिला दी। जानकारी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला तैयब सराय निवासी मोहम्मद अनस पुत्र मोहम्मद इरशाद धामपुर में थोक व्यापारियों से सामान खरीदने आए थे। सामान लेने के बाद वह बाइक से आगे जा रहे थे। इसी दौरान रेलवे फाटक बंद होने पर बाइक को फाटक के नीचे से निकालते समय उनका रुपये से भरा थैला रेलवे लाइन के पास गिर गया। कुछ दूर जाने के बाद जब उन्हें थैला गिरने का पता चला तो उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने जैतरा पुलिस चौकी पर तैनात कांस्टेबल शराफत अली को सूचना दी। कांस्टेबल ने तुरंत मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिससे पता चला कि एक व्यक्ति थैला लेकर नूरपुर रोड की ओर गया है। तलाश के दौरान जानकारी मिली कि शौकीन सैनी नामक व्यक्ति कुछ देर के लिए एक होटल पर रुका था। पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने पर शौकीन सैनी ने ईमानदारी दिखाते हुए पूरी 1 लाख 30 हजार रुपये की रकम लौटा दी। अपनी रकम वापस पाकर खुश व्यापारी मोहम्मद अनस ने शौकीन सैनी को एक हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए तथा कांस्टेबल शराफत अली की तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किए जाने की मांग की है।

# पीएम मोदी व सीएम योगी पर टिप्पणी करने पर युवक गिरफ्तार, भेजा जेल



अमर भास्कर ब्यूरो

नजीबाबाद। पुलिस ने प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मामला पंजीकृत कर युवक को न्यायालय में पेश कर दिया। अभी दो तीन पहले पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद के कस्बा साहनपुर निवासी पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक रील अपलोड की थी, जिस पर एक युवक ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी पर गलत टिप्पणी की, जिस पर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने ट्वीट एक्स पर बिजनौर पुलिस से शिकायत की थी, जिसकी जांच सीओ नजीबाबाद को दी गई। सीओ के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया, विवेचना के दौरान युवक की पहचान अदनान पुत्र अनवर, निवासी मौहल्ला मिर्दोगान बी-10, थाना कोतवाली शहर, जनपद बिजनौर के रूप में हुई, पुलिस ने अदनान को घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध योगेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार और कांस्टेबल सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

# वृंदावन के रास्तों में उमड़ा हुजूम

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** वृंदावन रंगजी मंदिर में चल रहे ब्रह्मोत्सव में शुक्रवार को भगवान गोदारंगमन्नार विशालकाय रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण को निकले। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य जब आराध्य रथ में विराजमान हुए तो भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। करीब पचास फीट ऊंचे इस रथ को खींचने के लिए सैकड़ों भक्तों ने जोर लगाया। रथ खींचने की भक्तों में होड़ लगी रही। रथ खींच हर कोई सौभाग्यशाली समझने लगा। दक्षिण भारतीय परंपरा के रंगजी मंदिर में शुक्रवार की सुबह वैदिक परंपरा के अनुसार ब्रह्म मुहूर्त में भगवान रंगनाथ, श्रीदेवी, भूदेवी के साथ निज गर्भगृह से पालकी में विराजमान होकर ज्योतिष गणनानुसार मीन लग्न में दिव्याकर्षक रथ में विराजित हुए, तो रंगनाथ भगवान के जयजयकार से वातावरण गूंज उठा। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि आज प्रातः काल भगवान रंगनाथ और माता का श्रृंगार किया गया और उन्हें सोने की पालकी में बिठाया गया। गर्भग्रह से भक्त सोने की पालकी को कंधों पर रखकर मंदिर का भ्रमण कराते निकले। इसके एक घंटे उपरान्त भगवान की सवारी रथ पर विराजमान हुई। पूजन अर्चन के बाद वैदिक मंत्रों के बीच पेठे की बलि दी गई। इसके एक घंटे बाद यानि लगभग 6 बजे जैसे ही रथ को खींचने का शुभारंभ हुआ भक्त जय-जयकार करने लगे। रथ की रस्सी बड़ी मजबूत थी। इसके उपरान्त बड़े बगीचे में विश्राम कराया गया। भोग प्रसाद लगाया गया। रथयात्रा भ्रमण के बाद बगीचे में पहुंची। यहां पर विश्राम के उपरान्त वापस मंदिर के लिए प्रस्थान हुई। रथयात्रा के मध्य भगवान के जयकारे लगते रहे और लोग बढ़-चढ़कर रथ खींचते रहे। जगह-जगह रथयात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जा रहा है।

# मेटा, यूट्यूब पर बच्चों से दूरी बनाने का दबाव



**लंदन ।** ब्रिटेन के मीडिया और गोपनीयता नियामकों ने प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को अपनी सेवाओं से दूर रखने के लिए और अधिक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने चेताया कि कंपनियां अपने ही न्यूनतम आयु नियमों को लागू करने में विफल रही हैं। इन सोशल मीडिया कंपनियों में मेटाए टिकटॉकए स्नैप और यूट्यूब शामिल हैंए जिनकी बहुतायत सामग्री में अश्लीलता देखी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में सख्त कानून लागू होने के बाद यह मांग जोर पकड़ ली है। ब्रिटेन सरकार 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को ऐसे प्लेटफॉर्मों से प्रतिबंधित करने पर विचार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा उठाए गए कदमों के बाद ब्रिटेन में गोपनीयता नियामक ऑफकॉम और सूचना आयुक्त कार्यालय ने कहा कि वे एल्गोरिथम फीड्स को लेकर चिंतित हैं जो बच्चों को हानिकारक या व्यसनकारी सामग्री के संपर्क में लाते हैं। ऑफकॉम की सीईओ मेलानी डॉवेस ने कहाए ये ऑनलाइन सेवाएं घर.घर में जानी.मानी हैंए लेकिन वे बच्चों की सुरक्षा को अपने उत्पादों के केंद्र में रखने में विफल रही हैं। उन्होंने कहाए यदि कंपनियों ने जल्द ही बदलाव नहीं किए तो ऑफकॉम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। आईसीओ ने इन प्लेटफार्मों को खुला पत्र जारी कर उनसे 13 वर्ष से कम आयु के लोगों को सेवाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए आधुनिक व्यवहार्य आयु.सुनिश्चितता उपकरणों को अपनाने का आह्वान किया है। ब्रिटेन के ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम के नवीनतम कार्यान्वयन चरण में ऑफकॉम ने मेटा के स्वामित्व वाली फेसबुक और इंस्टाग्राम और साथ ही रोब्लॉक्सए स्नैपचैट बाइटडांस के टिकटॉक और अल्फाबेट के यूट्यूब को 30 अप्रैल तक यह दिखाने को कहा है कि वे आयु जांच को कैसे सख्त करेंगे।

उसने अजनबियों को बच्चों से संपर्क करने से रोकने और फीड को सुरक्षित बनाने तथा नाबालिगों पर नए उत्पादों का परीक्षण बंद करने संबंधी उपाय बनाने के निर्देश दिए हैं।

# शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट में लगातार आगे बढ़ता जीएलए विश्वविद्यालय



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** 22 हजार से अधिक छात्रों के सपनों को साकार करने में जुटा जीएलए विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, फार्मास्युटिकल विज्ञान, शिक्षा, कानूनी अध्ययन, कृषि, मानविकी, वाणिज्य और जैव प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर पर शिक्षा प्रदान करता है। साथ ही विश्वविद्यालय के करीब 46 हजार से अधिक के अल्यूमिनाई जीएलए का गौरव हैं। 700 से अधिक योग्य और अनुभवी संकाय सदस्य और एक हजार से अधिक स्टाफसदस्य विश्वविद्यालय के लिए अकादमिक और कॉर्पोरेट भारत के प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ-साथ सही शिक्षण वातावरण बनाने के लिए पूर्णकालिक सेवा में जुटे हैं। 1998 में 17 संकाय सदस्यों से लेकर अब 700 से अधिक संकाय सदस्यों और 80 से अधिक पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान करने वाला जीएलए पेशेवर और सर्वांगीण विकास का वादा करता है। पेशेवर उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक, विश्वविद्यालय उत्तरी भारत में अकादमिक खोज का एक प्रसिद्ध केंद्र है और इसने अपने सभी हितधारकों के प्रति अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की दिशा में अपनी शैक्षिक यात्रा में कई मानक स्थापित किए हैं। जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार से अनुमति पत्र (एलओपी) और ग्रेटर नोएडा में एक ऑफकैंपस के लिए यूजीसी की मंजूरी प्राप्त करने वाला भारत का पहला निजी विश्वविद्यालय बन गया है। दिल्ली एनसीआर के शिक्षा केंद्र, नॉलेज पार्क में स्थित, ग्रेटर नोएडा परिसर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए वही समर्पण प्रदान करने के लिए तैयार है जिसके लिए जीएलए विश्वविद्यालय प्रसिद्ध है। जीएलए ऑनलाइन: जीएलए विश्वविद्यालय में दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई) बीबीए, बीसीए, बी.कॉम, एमबीए और एमसीए जैसे यूजीसी मान्यता प्राप्त हकदार ऑनलाइन डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है। जीएलए यूनिवर्सिटी लाइब्रेरी सिस्टम में 15 लाइब्रेरी नेटवर्क शामिल हैं, यानी सेंट्रल लाइब्रेरी, ग्रेटर नोएडा कैंपस लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट लाइब्रेरी, डिपार्टमेंटल लाइब्रेरी और हॉस्टल लाइब्रेरी जो सामूहिक रूप से यूनिवर्सिटी के शिक्षण, अनुसंधान और विस्तार कार्यक्रमों का समर्थन करते हैं। वर्तमान में, पुस्तकालयों में दो लाख से अधिक मुद्रित पुस्तकें और 32 पत्रिकाएं, 1071 ई-जर्नल, विश्वकोश, 9 हजार 850 सीडी और ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई ऑनलाइन डेटाबेस हैं। यूनिवर्सिटी के पास रिफ्रेड एनडीएल ऑफइंडिया और डेवलपिंग लाइब्रेरीज नेटवर्क आदि के माध्यम से पांच करोड़ से अधिक ई-बुक्स, थीसिस, आर्टिकल्स, वीडियो और ऑडियो लेक्चर तक पहुंच है। जीएलए विश्वविद्यालय को 3.46 स्कोर के साथ प्रतिष्ठित एनएएसी ए प्लस ग्रेड से मान्यता प्राप्त है, जो भारत में सभी एनएएसी (नैक) ए प्लस मान्यता प्राप्त राज्य और निजी विश्वविद्यालयों के बीच उच्चतम स्कोर है। इसे यूजीसी से 12बी का भी दर्जा मिला है और यूजीसी, पीसीआई, एनसीटीई और बीसीआई द्वारा अनुमोदित है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय नवीनतम एनआईआरएफ इनोवेशन रैंकिंग 2025 में भारत के शीर्ष 48 फार्मेसी संस्थानों की लीग में शामिल हो गया है। इसके अलावा, इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, जीएलए यूनिवर्सिटी को वर्ष 2020 में आईएसीबीई मान्यता मिली है। वहीं एग्रीकल्चर विभाग को आईसीएआर से मान्यता मिली है।

# सभापति ने ली उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक



**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति की बैठक कार्यकारी सभापति हरि ओम पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सदस्य ऋषि पाल सिंह, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी एवं एम०एल०सी० योगेश नौहवार आदि मौजूद रहे।

बैठक में नगर आयुक्त जग प्रवेश, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन, मुख्य विकास अधिकारी पूजा गुप्ता, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे नंद प्रकाश मौर्या, एस०पी० ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० राधावल्लभ, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ० नरेंद्र नारायण शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय, उप कृषि निदेशक वसंत कुमार दुबे, जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग गुलवीर सिंह, जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, सहायक श्रम आयुक्त एम०एल० पाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, परियोजना निदेशक नेडा एस०के० वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

विगत तीन वर्षों में जनपद में मा० सदस्य परिषद एवं मा० सदस्य विधान सभा से प्राप्त होने वाले पत्रों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्यवाही से माननीय कार्यकारी सभापति जी को अवगत कराया गया, जिसपर कार्यकारी सभापति जी ने निर्देश दिए गए कि उक्त पत्रों का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करें तथा माननीय जनप्रतिनिधियों को कृत कार्यवाही से ससमय अवगत कराए। एक जनपद एक उत्पाद के सबंध में क्या लक्ष्य है और उसके संबंध में क्या प्रगति हुई है, के संबंध में अवगत कराया गया कि जनपद में सैनिटरी फिटिंग और सेनेटरी वेयर तथा ठाकुर जी की पोशाक, श्रंगार मूर्ति एवं कंठी माला एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत है। बैठक में कार्यकारी सभापति ने जानकारी ली कि पिछले तीन वर्षों में जिले में विधान परिषद की किन-किन समितियों की बैठक हुई और उनके कितने निर्देशों का अनुपालन किया गया है। विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के कितने अल्पसूचित तारांकित अतारांकित प्रश्न के उत्तर भेजे गए। विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के नियम 115, 105, 110 तथा 111 की कितनी सूचनाओं का उत्तर भेजा गया। विगत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कितनी याचिकायें प्राप्त हुई और उसके सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई। विशेषाधिकार हनन के कितने मामले लम्बित है। उक्त सभी प्रश्नों के संबंध में जनपद के सभी अधिकारियों द्वारा बारी बारी से अपने विभागों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में माननीय कार्यकारी सभापति जी ने विगत तीन वर्षों में विधान परिषद विधान सभा के कितने सदस्यों के संस्तुतिध्शिकायती पत्र प्राप्त हुए और उन पर अबतक क्या कार्यवाही की गई है के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। विधायकों के प्रोटोकाल के उल्लंघन के कितने मामले लंबित है। विभागीय बैठकों में विधायकों जनप्रतिनिधियों को न बुलाने के कितने प्रकरण है और उसके लिये कौन अधिकारी उत्तरदायी है। जनपद में कितने विधान परिषद सदस्यगण का नोडल जनपद है, क्या उसको जनपद में होने वाले कार्यकमों तथा बैठकों में सूचना समय से प्राप्त हो रही है। जनपद में शासन से स्वीकृत कार्यों के शिलान्यास उद्घाटन समारोह में शिलापट्टों पर सम्बन्धित विधायकों (विधान सभाध्विधान परिषद) का नाम अंकित किया जा रहा है, जिसपर माननीय कार्यकारी सभापति जी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।

## जीआरपी ने सवा दो लाख कीमत का कब्जा किया जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** जीआरपी मथुरा जंक्शन द्वारा अवैध गांजा की तस्करी करने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को दो लाख 25 हजार कीमत का 11.314 कि.ग्रा. (09 पैकेट) नाजायज गांजा बरामद किया है। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ प्रयागराज के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के मार्गदर्शन एवं श्रीमान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, आगरा की देखरेख एवं प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु सघन चौकिंग अभियान के दौरान थाना जीआरपी मथुरा जंक्शन पुलिस टीम व आरपीएफमथुरा जंक्शन की संयुक्त टीम द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 11.314 कि.ग्रा. नाजायज गांजा जिसकी अमुमानित कीमत 2,25,000-रूपये बरामद किया गया।

# पाकिस्तान ने सऊदी अरब को दिया पूरा समर्थन



**रियाद ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ एक विशेष बैठक की। यह मुलाकात जेद्दा में हुई। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया के मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात में सऊदी अरब के लिए अपनी पूरी एकजुटता और समर्थन दिखाया। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों के बाद क्षेत्र में स्थिति लगातार बिग?ती जा रही है। प्रधानमंत्री के साथ उप.प्रधानमंत्रीए विदेश मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर भी जेद्दा पहुंचे थे। दोनों देशों के नेताओं ने क्षेत्र के ताजा घटनाक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करने का फैसला लिया। प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पाकिस्तान हमेशा सऊदी अरब के साथ मजबूती से खडा रहेगा। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पिछले साल सितंबर में एक रक्षा समझौता हुआ थाए जिसके तहत किसी तीसरे देश के हमले की स्थिति में दोनों देशों ने एक.दूसरे की रक्षा करने का वादा किया गया था। यह समझौता उस समय हुआ था जब इस्राइल ने कतर में हमास नेताओं पर हमला किया था।

अब ईरान और इस्राइल के बीच बाते तनाव ने पाकिस्तान की भूमिका को अहम बना दिया है। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति मुश्किल है क्योंकि ईरान उसका पडोसी है और उसके साथ भी पाकिस्तान के अच्छे संबंध हैं। हाल ही में पाकिस्तान के विदेश पाकिस्तान जरूरत पडने से पहले ही सऊदी अरब की मदद के लिए तैयार रहेगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बुधवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से भी फोन पर बात की थी। पाकिस्तान इस पूरे विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले सात मार्च को पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने भी सऊदी अरब का दौरा किया था। उन्होंने सऊदी रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की थी। उस समय उन्होंने ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों से पैदा हुए सुरक्षा खतरों पर चर्चा की थी। दोनों देशों ने रक्षा समझौते के तहत इन हमलों को रोकने के उपायों पर बात की थी। पाकिस्तान उप.प्रधानमंत्री इशाक डार ने भी पिछले दिनों सऊदी और ईरानी विदेश मंत्रियों से कई बार बात की है। उन्होंने ईरान से आग्रह किया था कि वह सऊदी अरब पर हमला न करे। पाकिस्तान लगातार मुस्लिम देशों के नेताओं के संपर्क में है ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तान ने फिर की एयरस्ट्राइक



**काबुल ।** अफगानिस्तान में पाकिस्तान और तालिबान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पाकिस्तान वायुसेना ने कंधार हवाईअड्डे के पास निजी एयरलाइन काम एयर के ईंधन डिपो पर हवाई हमला किया है। मुझाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह कंपनी घरेलू एयरलाइनों के साथ.साथ संयुक्त राष्ट्र के विमानों को भी ईंधन उपलब्ध कराती है। उन्होंने पाकिस्तान पर पहले भी एक राष्ट्रीय व्यापारी हाजी खान जादाह के ईंधन भंडारण पर हमला करने का आरोप लगाया।रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान की सेना ने अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत के अलीशेर.तेरेजाई जिले के कई इलाकों को भी निशाना बनाया। यह क्षेत्र तथाकथित डूरंड रेखा के पास स्थित है। अफगान मीडिया टोलो न्यूज के अनुसारए तोपखाने की गोलाबारी में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गईए जबकि तीन अन्य घायल हो गए। दोनों देशों के बीच सीमा पर पिछले महीने से हवाई हमलों और सैन्य झड़पों का सिलसिला तेज हो गया है। 27 फरवरी को पाकिस्तान ने अफगान राजधानी काबुल समेत कई शहरों में हवाई हमले किए थे। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने उस समय इसे खुला युद्ध बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान का सब्र का प्याला भर चुका है। उन्होंने तालिबान पर वैश्विक आतंकियों को पनाह देने और उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इसके जवाब में अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि 26 फरवरी को डूरंड रेखा के पास जवाबी कार्रवाई में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। विश्लेषकों के अनुसारए 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान.अफगानिस्तान संबंध लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। पाकिस्तान लंबे समय से आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान में तहरीक.ए.तालिबान पाकिस्तान को सुरक्षित ठिकाने मिलते हैं। 2007 में बना यह संगठन अफगान तालिबान से अलग हैए लेकिन विचारधारा और नेटवर्क के स्तर पर दोनों के बीच गहरे संबंध बताए जाते हैं। हाल के वर्षों में पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिबरेसन आर्मी और टीटीपी के हमलों में भी बढ़ोतरी देखी गई हैए खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में। भारत ने अफगान क्षेत्र में पाकिस्तान के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है।

नई दिल्ली ने विशेष रूप से रमजान के दौरान महिलाओं और बच्चों सहित नागरिकों की मौत पर चिंता जताई और अफगानिस्तान की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन को दोहराया।

## नमाज के बाद मुल्क में अमन चैन की दुआ

**अमर भास्कर, ब्यूरो**

**मथुरा ।** नूरी मस्जिद मोहल्ला जहर खाना सदर बाजार में मस्जिद सेक्रेटरी डॉक्टर शबनम कुरैशी की देखरेख में रमजान के जुम्मा अलविदा की नमाज 1:45 पर अदा की गई जुमा अलविदा का खुत्बा मस्जिद के इमाम साहब हाफ्जि शेर अली ने पढ़ा नमाज के बाद नूरी मस्जिद सदर बाजार में नमाजियों ने नमाज के दौरान अल्लाह से हाथ उठाकर मुल्क के लिए अमन चौन भाईचारे कायम की दुआ की। डॉ. शबनम कुरेशी ने जुमा अलविदा पर मुल्क में हिंदू मुस्लिम प्रेम अमन चौन भाईचारे की दुआ करते हुए कहा कि रोजा सब्र और नेकी का इम्तिहान है धीरे-धीरे करके रमजान समाप्ति की ओर है मस्जिदों में जगह न होने के कारण लोगों ने मस्जिद की छत पर नमाज अदा की रमजान का तीसरा अशरा चल रहा है इस तीसरे अशरे में हर मुसलमान को जहन्नुम से बचने के लिए अल्लाह से दुआ करनी चाहिए और नमाज ए ईदेन से पहले अपनी व अपनी औलाद की जान माल का सदका फितरा अदा कर देना चाहिए इस मौके पर मस्जिदों में कलाम ए पाक मुकम्मल का दौर चल रहा है जगह जगह मस्जिदों को रंग बिरंगी झालरों से सजाया जा रहा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक अजरा परवीन द्वारा वेदवीर प्रिन्टर्स, विद्यापीठ पुरम् सिविल लाइन, बदायूं से मुद्रित एवं कार्यालय अमर भास्कर निकट रीजेन्सी होटल लावेला चौक, बदायूं (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादकः अबरार अहमद** (इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन हेतु पी.आर.बी. की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी)। समस्त विवाद बदायूं न्यायालय के अधीन होगें। मोबाइल नं. 9411214614, ई-मेलः amarbhashkar21@gmail.com, RNI No.:- UPHIN/2023/91022